दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 247 | जयपुर | शुक्रवार ,11 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### बिहार मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम आदेश

## आधार, वोटर-आईड, राशन कार्ड को भी प्रूफ मानें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय



और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है।


न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी; इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं – जिनमें विपक्षी नेता और नागरिक समाज समूह शामिल हैं – की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जम्मिेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था।

सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग ने एसआईआर का बचाव करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं को जोड़कर और अपात्र मतदाताओं को हटाकर मतदाता सूची की अखंडता बनाए रखना आवश्यक है। आयोग ने दोहराया कि आधार नागरिकता का वैध प्रमाण नहीं है, और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही मतदान के हकदार हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील द्विवेदी ने सवाल किया, अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है, तो फिर किसके पास है?

## गहलोत बोले-निजी हॉस्पिटल ने आरजीएचएस बंद करने की दी चेतावनी

### अस्पतालों को नहीं किया जा रहा भुगतान, बेहतरीन योजना को भाजपा सरकार बर्बाद कर रही

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके लिखा– राजस्थान के निजी अस्पतालों की यूनियन राजस्थान अलायंस ऑफ हॉस्पिटल एसोसिएशन (राहा) ने अखबार में विज्ञापन देकर 15 जुलाई से आरजीएचएस के तहत इलाज बन्द करने की घोषणा की है। इसका कारण 701 प्राइवेट हॉस्पिटलों को 7 महीने से भुगतान भाजपा सरकार नहीं कर रही है।गहलोत ने लिखा– यह दिखाता है कि भाजपा सरकार का प्रबंधन बुरी तरह फेल हो चुका है, क्योंकि हर महीने सरकारी कर्मचारियों के वेतन से ॠॿ।ऌ के लिए कटौती होती है। लेकिन इसका भुगतान अस्पतालों को नहीं किया जा रहा। एक जनहित की बेहतरीन योजना को भाजपा सरकार बर्बाद करने पर आमादा है।राज्य सरकार को तत्काल इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के परिजनों को अनावश्यक तकलीफ नहीं हो।

#### 980 करोड़ रुपए के भुगतान अटकने का दावा

इधर अखबार में छपे विज्ञापन में एसोसिएशन ने हॉस्पिटलों का करीब 980 करोड़ रुपए का भुगतान अटकने का दावा किया है। साथ ही (राहा ने कहा है कि योजना के सुधार व सुचारू संचालन के लिए इसकी व्यवस्था में बदलाव किए जाने चाहिए। इसके लिए एसोसिएशन की तरफ से 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है, जो सरकार से संवाद के लिए तैयार है।

**क्यूसीपीए से बिना मंजूरी वाले बिल का भुगतान न करने के निर्देश**

इधर हाल ही में वित्त विभाग ने हेल्थ डिपार्टमेंट को एक पत्र लिखकर आरजीएचएस के तहत आने वाले तमाम हॉस्पिटल, जांच केन्द्र और दवाइयों की दुकानों के बिलों को भुगतान के लिए ट्रेजरी में भेजने से पहले क्यूसीपीए सेल से मंजूरी लेने के निर्देश दिए है। इस सेल के जरिए इन बिलों की एआई के जरिए जांच की जाती है। पिछले चार-पांच माह में इस सेल ने एआई के जरिए कई फर्जी बिलों को ट्रेस करके डॉक्टरों, दवाईयों की दुकानों और हॉस्पिटलों पर कार्यवाही करते हुए उन पर पेनल्टी लगाई है।

## जयपुर आएंगे अमित शाह, सहकार सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह का जयपुर दौरा तय हो गया है। शाह 17 जुलाई को जयपुर आएंगे। वे जयपुर में सहकार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। केन्द्र ने राज्यों को सहकारिता में 54 टास्क दिए हैं। इसी के तहत प्रदेश में सहकार सम्मेलन आयोजित हो रहा है।अमित शाह बतौर सहकारिता मंत्री सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसे लेकर दिल्ली में 29 मई को सीएम भजनलाल शर्मा ने अमित शाह से मुलाकात करके उन्हें सहकार सम्मेलन में आमंत्रित किया था, साथ ही प्रदेश में पैक्स के कंप्यूटराइजेशन, म्हारो खातो म्हारो बैंक, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना और सहकार से समृद्धि अभियान से जुड़े विषयों की जानकारी दी थी। अमित शाह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। लेकिन यह माना जा रहा है कि शाह अपने दौरे के दौरान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व अन्य पदाधिकारियों के साथ सरकार और संगठन के मुद्दों पर भी चर्चा कर सकते हैं। प्रदेश में प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित हुए करीब साढ़े चार माह का समय बीत चुका है। लेकिन अभी तक उनकी नई कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो सकी है। मदन राठौड़ कार्यकारिणी के नाम की लिस्ट केन्द्रीय नेतृत्व को भेज चुके हैं। लेकिन वहां से अप्रूव्ल का इंतजार किया जा रहा हैं।

## टाइमिंग को लेकर ईसी को फटकार, बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, जारी रहेगा एसआईआर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जम्मिेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय को लेकर गंभीर चिंता जताई। इस कदम के समय पर सवाल उठाते हुए, कोर्ट ने व्यावहारिक और कानूनी



आधारों का हवाला देते हुए इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले ही संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम आपको रोक नहीं रहे हैं. हम आपसे कानून के तहत एक्ट करने के लिए कह रहे हैं। कोर्ट अब इस मामले पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जम्मिेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था। सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग ने एसआईआर का बचाव करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं को जोड़कर और अपात्र मतदाताओं को हटाकर मतदाता सूची की अखंडता बनाए रखना आवश्यक है। आयोग ने दोहराया कि आधार नागरिकता का वैध प्रमाण नहीं है, और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही मतदान के हकदार हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील द्विवेदी ने सवाल किया, यदि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची को संशोधित करने का अधिकार नहीं है, तो फिर किसके पास है? उन्होंने न्यायालय को यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक उसे अपना पक्ष रखने का अवसर न दिया जाए।

## हरियाणा के शहीद पायलट को अंतिम विदाई:पत्नी ने एक महीने के बेटे संग श्रद्धांजलि दी

बढ़ता राजस्थान



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** रियाणा के शहीद पायलट लोकेंद्र सिंह सिंधु (32) की अंतिम यात्रा रोहतक में श्मशान घाट पहुंच गई है। लोग जय हिंद के नारे लगा रहे हैं। थोड़ी देर में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह कल (9 जुलाई) राजस्थान के चुरू में जगुआर फाइटर जैट क्रैश में को-पायलट समेत शहीद हो गए थे।आज करीब 6 बजे उनकी पार्थिव देह घर पहुंची। जिसके बाद पत्नी डॉ. सुरभि ने एक महीने के बेटे के साथ शहीद पति के अंतिम दर्शन किए। इसके बाद श्मशान घाट में वायुसेना ने उन्हें तिरंगा और कैप सौंपी, जिसे सुरभि ने माथे से लगाया। इससे पहले शहीद के बड़े भाई ज्ञानेंद्र बहन अंशी का हाथ पकड़कर कहते रहे कि लोकेंद्र को स्माइल के साथ अंतिम विदाई देंगे।लोकेंद्र एयरफोर्स में पायलट के तौर पर भर्ती हुए थे।

## कनाडा में कपिल शर्मा के नए कैफे पर हुई गोलीबारी




बढ़ता राजस्थान

**टोरंटो (एजेंसी)।** यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कपिल शर्मा के रेस्तरां, कैप्स कैफे को निशाना बनाया गया था या गोलीबारी का उद्देश्य हास्य कलाकार को धमकाना था। कपिल शर्मा ने हाल ही में सरे में कैफे खोला था। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफ़े पर गोलीबारी की घटना हुई, जब अज्ञात हमलावरों ने उस इमारत पर कई राउंड गोलियां चलाईं जहाँ कैफ़े स्थित है। बताया जा रहा है कि हमलावर एक कार में आए और तुरंत भाग गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

## जयपुर में 3 साल की बच्ची में हाई ब्लड-प्रेशर

### परिवार से आंख मिलाना बंद कर दिया; डॉक्टर का दावा- दुनियाभर में पांचवां केस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में तीन साल की बच्ची का दुर्लभ बीमारी का इलाज किया गया है। इस बीमारी में बच्ची के शरीर में कैल्शियम चैनल ओवर एक्टिव हो गया था। इसे मेडिकल साइंस में CACNAvD कहा जाता है। इस कारण बच्ची का अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने लगा। बच्ची में न्यूरोलॉजिकल और बिहेवियरल बदलाव होने लगा। उसने परिवार और अन्य लोगों से आई कॉन्टैक्ट तक करना बंद कर दिया।परिजनों ने बच्ची को जेके लोन हॉस्पिटल की रेयर? डिजीज क्लिनिक में दिखाया। वहां कुछ अनुवांशिक जांच करवाने के बाद मरीज का ट्रीटमेंट शुरू किया। इलाज के बाद अब



मरीज को फायदा है। वह अब सामान्य बच्चों की तरफ जीवन व्यतीत कर रही है।जेके लोन हॉस्पिटल के बाल रोग विशेषज्ञ और प्रोफेसर डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया– करीब एक साल पहले बच्ची आई थी। तब उसकी उम्र 3 साल 4 माह थी। इस तरह के दुनिया में केवल 4 ही केस आए हैं। यह बच्ची पांचवें केस के रूप में डिटेक्ट हुई थी।उन्होंने बताया– 3 साल तक बच्ची बिल्कुल सामान्य थी। लेकिन उसके बाद उसके बिहेवियर और आई कॉन्टैक्ट में बदलाव होने लगा। बच्ची का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ने लगा था। शरीर पर अत्यधिक बाल आने लगे। आंखों पर 4 नंबर तक का चश्मा लग गया।

**एल-टाइप कैल्शियम चैनल को नियंत्रण करना चुनौती**

डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया– तमाम जरूरी अनुवांशिक जांच करवाने और उनकी रिपोर्ट व बच्ची के लक्षण देखने के बाद हमारी टीम ने एल-टाइप कैल्शियम चैनल को कंट्रोल करने का निर्णय करते हुए दवाइयां शुरू की। शुरुआती एक महीने में ही दवा का असर बच्ची पर दिखने लगा। उसका ब्लड प्रेशर कंट्रोल होने लगा।

## राजस्थान में जयपुर सहित कई जिलों में भूकंप के झटके:करीब 10 सेकेंड तक महसूस हुए, रिएक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 रही

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में गुरुवार को सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 9.04 मिनट पर जयपुर, सीकर, झुंझुनं सहित एनसीआर के कई एरिया में 10 सेकेंड तक धरती हिली। हालांकि, भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था।मौसम केन्द्र के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.4 रही। केन्द्र जमीन से 10 किलोमीटर अंदर था। हालांकि तीव्रता कम होने के कारण नुकसान की आशंका काफी कम है।इसी साल फरवरी में राजस्थान के अलग-अलग



इलाकों में भूकंप आया था। हालांकि, इसकी तीव्रता भी काफी कम थी।

राजस्थान में करीब 5 महीने पहले भी भूकंप के झटके महसूस हुए थे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 2 फरवरी को बीकानेर में भूकंप के झटके महसूस हुए थे। इसका केंद्र शहर से करीब 72 किलोमीटर दूर जसरासर में था। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 थी। वहीं, 13 फरवरी को जालोर में धरती हिली थी। यहां भूकंप का केंद्र जालोर से करीब 85 किलोमीटर दूर निंबावास के पास जमीन से 10 किलोमीटर नीचे रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 थी। जालोर और सिरोही जिले के इलाकों में करीब 3-4 सेकेंड तक धरती कांपती।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज

## मंदिर की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण व असामाजिक लोगों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** देवधाम जोधपुरिया में स्थित भगवान श्री देवनारायण जी के मंदिर में श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह 10 बजे मंदिर ट्रस्ट एवं समाज लोगों की बैठक आयोजित होगी। मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरज्ञानसिंह गुर्जर एवं संयुक्त मंत्री मनफूल गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया की बैठक आयोजित होगी। जिसमें 27, 28 एवं 29 अगस्त को आयोजित तीन दिवसीय लक्खी मेले की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मंदिर परिसर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में 29 नवंबर को आयोजित लक्खी मेले की तैयारी को लेकर पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट का कार्यकाल अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी पंपलेट छपवाकर समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। बैठक में ऐसे लोगों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव करने एवं कठोर कार्रवाई करने पर चर्चा भी की जाएगी।

# पावटा पुलिस चौकी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन

## वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ और हरित वातावरण बनाना - मनोज कुमार थारनिया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित पावटा पुलिस चौकी में गुरुवार को चौकी प्रभारी मनोज कुमार थारनिया के नेतृत्व में पेड़-पौधे लगा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने बताया कि वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना और भविष्य के लिए एक स्वच्छ और हरित वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग भी पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। रामपुरा पंचायत समिति सदस्य नरेन्द्र गुर्जर ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि यह हमारे भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की यह पहल समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। इस दौरान नितिन सिंह पंडितपुरा, हरवीर सिंह भोनावास समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की महत्वता को समझा और इसमें अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस पहल से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग वृक्षारोपण के महत्व को समझेंगे।



# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों हुआ का सम्मान'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज उदयपुर में आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और कविताएं प्रस्तुत की गई। गुरुओं को सम्मान स्वरूप तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। डॉ. रक्षा शर्मा ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में भावनात्मक जुड़ाव, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारियां की भावना को बढ़ावा देता है। इस दिन हमें अपने शिक्षकों, मार्गदर्शकों और जीवन को आधार देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि यह हमारे गुरु शिष्य परंपरा का जीवन्त प्रतीक है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहता है। यह पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु को समर्पित एक विशेष दिन है। जिसे आषाढ़ मास की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास जयंती के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है।



# बरगद का विशाल पेड़ गिरा, कार क्षतिग्रस्त - मुख्य सड़क पर आवागमन बाधित

## देर रात 1.30 बजे हुआ हादसा, गनीमत रही कि नहीं हुई जनहानि

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** शहर के बीएल गोठी स्कूल के पास ओंकारेश्वर मंदिर के समीप देर रात एक बड़ा हादसा टल गया जब वर्षों पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर पड़ा। हादसे में पास में खड़ी एक कीया कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, संयोगवश किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। गुरुवार को पड़े को लेकर जब कोई नगर परिषद से उठाने नहीं पहुँचा तो मौहल्ले वालों ने दूरभाष पर आयुक्त व अन्य उच्चाधिकारियो को शिकायत दी। उसके बाद ही वहां से पेड़ को काट-काटकर हटाया गया। जानकारी के अनुसार यह घटना रात करीब 1:30 बजे की है। वाहन मालिक विनय नागर ने यह बताया कि कार मात्र चार माह पूर्व ही खरीदी थी। पेड़ गिरने से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के रहवासी घरों से बाहर निकल आए।पेड़ गिरने से मुख्य सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। बड़े पैमाने पर रोड ब्लॉक हो जाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। देर रात तक पेड़ नहीं हटाया जा सका, जिससे राहगीरों को वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ा।गुरुवार को नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत कर बताया कि रात्रि में उक्त घटना घटी है लेकिन गनीमत यह रही कि किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। जब सुबह कोई अधिकारी नहीं पहुँचे और कर्मचारियों को भेजेने के लिए कहा जा रहा था तब भी काफी देर तक कर्मचारी नहीं पहुँचे। काफी देर बाद कर्मचारियों के पहुँचने के पश्चात पेड को काटकर उलग कर दिया। वहीं नगर परिषद धीरे-धीरे अपने टीपर पर भरकर ले गये।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र राहत कार्य शुरू करने की मांग की है। अगर यह हादसा दिन में होता, तो जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। फिलहाल प्रशासनिक टीम के पहुंचने की प्रतीक्षा की जा रही है

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन महिला विंग शिविर का आयोजन हुआ

## संगठन को विवादित मामलों पर निस्तारण और राहत के लिए 25 आवेदन प्राप्त हुए

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय महिला विंग संगठन की ओर से मानव अधिकार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रात: 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तकअंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन महिला विंग के तत्वाधान में सहायता परामर्श एवं जानकारी परिवादियों को शिविर के माध्यम से दी गई है। संगठन महिला विंग का उद्देश्य रहा की प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को मानव अधिकार के तहत योजनाओं के प्रति जागरूकता और जानकारी प्राप्त हो सके। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर और प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला शर्मा ने जानकारी में बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह अलवर एवं संगठन महिला विंग की अध्यक्ष चमन कवर के नेतृत्व में यहां वार्ड नंबर एक के सामुदायिक भवन मैं शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान आयोजित शिविर मैं कुल पांच दर्जन परिवादी समस्या लेकर पहुंचे जिनमें 25 पीड़ित व्यक्ति,और महिलाओं ने, विवादित मामलों पर समाधान हेतु आवेदन किया उक्त संगठन महिला विंग ने आवेदनों को ध्यान में रखते हुए तुरंत निस्तारण हेतु परिवादियों के बीच समझाइश की गई, और साथ ही मामलों से संबंधित विभाग को आवेदन भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई तो वही सरकार की लाभार्थी योजना से वंचित व्यक्तियों के प्राप्त हुए आवेदन संबंधित विभागीय अधिकारियों के कार्यालय तक पहुंचने का आश्वासन दिया गया। शिविर में प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने बताया कि प्राप्त 25 आवेदनों में एक आवेदन मकान और भूमि पर हुए कब्जे से राहत पहुंचने के लिए प्राप्त हुआ है। रीना सच्चर उर्मिला शर्मा ने यह भी बताया कि पीड़ित मुस्ताक नामक व्यक्ति ने आवेदन किया और महिला विंग को बताया कि प्रताप कॉलोनी स्थित उसके मकान और भूमि पर कुछ असामाजिक तत्व महिलाओं ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है जिसकी शिकायत देवली पुलिस थाना में समय रहते दी गई इस पर पुलिस ने जांच करते हुए मुस्ताक से लिखित बयान भी लिए लेकिन पुलिस परिवादी मस्तक को अब तक राहत नहीं पहुंच सकी ऐसे में उक्त असामाजिक तत्व महिलाओं के कब्जे से मकान और भूमि को अब तक नहीं छुड़वाया गया है । इस परिवाद,पर टोंक जिला अध्यक्ष ममता शर्मा ने उक्त पीड़ित व्यक्ति को आश्वासित किया कि इस मामले कि जानकारी टोंक जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंचाई जाएगी और उक्त मामले में कार्रवाई करने के लिए कहा जाएगा । शिविर में जयपुर जिला अध्यक्ष बबीता शर्मा उपाध्यक्ष टीना योगी ने भी में शिविर में पहुंचे लोगों को मानव अधिकार के प्रति जागरूक करने की जानकारियां दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने बताया कि शिविर में विवादित मसलों का निस्तारण किए जाने हेतु निशुल्क,परामर्श दिए गए और पीड़ित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिए मामलातों से संबंधित विभाग को निस्तारण हेतु पत्र लिखे गए हैं। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय महिला विंग शिविर का उद्देश्य यह है कि।समाज में हो रहे घरेलू सामाजिक एवं मानसिक शोषण पारिवारिक विवाद महिला उत्पीड़न न्याय से वंचित आदि जैसे गंभीर मुद्दों पर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना उन्हें कानूनी जानकारी एवं परामर्श देना तथा मानव अधिकारों के प्रति जागरूक करने की प्रमुखता




# सी.के. मोटर्स एवं टाटा मोटर्स द्वारा एज्यूट्रान्स कॉनक्लेव का भव्य आयोजन

## .स्कूल संचालकों के लिए शिक्षा और परिवहन के संगम की एक नई पहल, जब शिक्षा और परिवहन साथ चलते हैं, तो संवरता है छात्रों का भविष्य

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन और छात्र परिवहन को आधुनिक रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सी.के.मोटर्स एवं टाटा मोटर्स द्वारा उदयपुर स्थित फर्न रेजीडेन्सी में एज्यूट्रान्स कानक्लेव-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अग्रणी स्कूल संचालकों, शिक्षाविदों और परिवहन विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिससे एक नई सोच और दिशा की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राकेश भटनागर एवं ऋषभ भटनागर ने सीखने और सिखाने की नई विधियाँ विषय पर प्रतिभागियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे स्कूल एक तनावमुक्त, परिणामोन्मुख और व्यवहारिक शिक्षा वातावरण बना सकते हैं, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकें।

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारी रिजनल मेनेजर विशाल देशटवार और तुषार मेहंदी रत्ता (एसपीएच) ने स्कूल परिवहन को और अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और शिक्षा के अनुरूप बनाने के लिए टाटा मोटर्स की सतत प्रतिबद्धता को दोहराया।

सी.के.मोटर्स के पार्टनर वरुण मुर्डिया ने कहा कि हम सिर्फ गाड़ियाँ नहीं बेचते, हम हर स्कूल के परिहवन की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी भी उठाते हैं। एज्यूट्रान्स के माध्यम से हम स्कूलों के साथ साझेदारी कर उन्हें सुरक्षा और शिक्षा, दोनों प्रदान करना चाहते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में श्रीमती दीप्ति मुर्डिया एवं श्रीमती कपिला धोका ने भी अहम भूमिका निभाई और स्कूल प्रमुखों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में एमडीएस स्कूल के शैलेन्द्र सोमानी,टेलेन्ट स्कूल के राकेश कुमावत,सेंट मैथ्यू स्कूल के फादर पिन्नी फिलिप ने भी टाटा मोटर्स की खुबियों के बारें बताया। कार्यक्रम का समापन सुनील बगरेचा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# सरिस्का क्षेत्र का दायरा ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाना खतरे का संकेत:रावत

## अलवर के दो मंत्री फिर भी वन्य जीवों संवेदनशीलता नहीं

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** सरिस्का क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आई पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि सरिस्का का दायरा आबादी क्षेत्र में बढ़ाना खतरे का संकेत है।उन्होंने कहा कि जब सरिस्का में बाघों के दर्शन दुर्लभ हो गए थे तब 2004में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह ने रणथम्भोर से टाईगर लाकर सरिस्का को आबाद किया था। लेकिन वर्तमान की डबल इंजिन की सरकार इसे ख़त्म करना चाहती है। रावत ने कहा कि जब आबादी क्षेत्र में सरिस्का का विस्तार होगा तो वन्य जीवों को खतरा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अलवर के दो मंत्री हैं फिर भी वन्य जीवों की औऱ कोई ध्यान नहीं। कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी।



# देवली के संपत सुवालका प्रदेश महासचिव मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार, जायसवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश धानावत ने देवली शहर के समाजसेवी संपतराम सुवालका को संस्था के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष नरेश धानावत ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए संपतराम सुवालका को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौपी है। और समाज हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।इस पर संपत सुवालका ने प्रदेश अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह समाज हित में सदैव सेवा हेतु समर्पित रहेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर महुवा के द बौहराज ग्लोबल स्कूल में गुरुओं का किया सम्मान

## जीवंत हुआ संस्कार, सेवा और संवेदना का हुआ समागम

## विद्यार्थियों ने गुरुओं का कियासम्मान पूजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी महुवा ( अंशु गुप्ता )।** द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वरिष्ठ गुरुजनों का विद्यालय के निदेशक अध्यापकों ने अपने गुरुओं को बुलाकरछात्र-छात्राओं के साथ सम्मान करते हुए उन्हें पुष्प माला पहनाकर उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लेकर मनायाविद्यालय के निदेशक विनय बोहरा ने बताया किगुरुवार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में विद्यालय परिवार द्वारा महुवा कस्बे के करीब दर्जनों वरिष्ठ गुरुजनों गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आमंत्रित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा राजकीय सेवा में से सेवानिवृतपूर्व प्रधानाचार्य अरविंद पालीवाल, राजेंद्र मिश्रा, अशोक जैन,प्रभु दयाल शर्मा, रघुवीर सिंह राजपूत, गोपुत्र अवधेश अवस्थी का विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के अध्यापकों विद्यालय परिवार द्वारा गुरु शिष्य की परंपरा निभाते हुए गुरुजनों का माला साफा पहनाकरको सम्मान किया गया विद्यालय परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक ऐसे ऐतिहासिक और प्रेरणास्पद आयोजन के साथ किया, जिसने शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना को एकसाथ जोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले गुरुओं का विद्यालय के निदेशक सहित विद्यालय परिवार व विद्यालय केविद्यार्थियों द्वारा अपने गुरुजनों सहित वरिष्ठ गुरुजनों का पूजन, चरण वंदन और आशीर्वाद ग्रहण कर न केवल भारतीय संस्कृति की जड़ों को सींचा गया, बल्कि यह बताया गया कि शिक्षा का पहला पाठ अपने मूल को पहचानने से शुरू होता है। तिलक, आरती और पुष्पवर्षा से वरिष्ठ गुरुजनों का स्वागत कर जब बच्चों ने श्रद्धापूर्वक उनके चरण धोए और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया, तो यह दृश्य न केवल भावनात्मक था, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की घोषणा थी जो सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात कराने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय के निदेशक विनय बौहरा ने गुरु पूर्णिमा के इस आयोजन को एक प्रयोगात्मक शिक्षा का हिस्सा बताया जो विद्यार्थियों में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन मूल्यों, कर्तव्य चेतना और संवेदनशीलता का भी विकास करता है।



# बजट घोषणाओं की समीक्षा के दौरान सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों से प्रत्येक योजना की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं क्रियान्वयन को लेकर जानकारी ली गई और सभी कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री नरेश बुनकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त श्री बृजेश राय, मुख्य आयोजना अधिकारी श्री संजय शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत बिंदल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बजट घोषणाओं के माध्यम से आमजन को लाभ पहुंचे और योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर तक नजर आए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता आवश्यक है।बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बजट घोषणाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। सार्वजनिक निर्माण विभाग की घोषणाओं के तहत केलवा से आमेट, मादरी से लसानी ताल वाया आमेट-देवगढ़, चारभुजा से सेवंत्री तथा बडारडा पुठिया से फरारा महादेव तक कुल 70 से अधिक किलोमीटर सड़कों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। ऊर्जा विभाग की घोषणाओं में भीम क्षेत्र के धांसरिया एवं जालपा में 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई।



# गुरु पूर्णिमा पर्व - गुरु-शिष्य परंपरा का अनुपम उत्सव, पूरे ब्यावर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का भाव देखने को मिला। विभिन्न सम्प्रदायों, मंदिरों और आश्रमों में शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों और आरती का आयोजन हुआ। गुरु और शिष्य के पारंपरिक संबंधों की गरिमा को दर्शाते हुए भव्य आयोजन पूरे दिन चलते रहे।

फतेहपुरिया क्षेत्र में बालाजी के उपासक महन्त गुरु गोपाल कुमावत महाराज के शिष्यों ने उन्हें तिलक कर कलेवा बांधा और उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। वहीं, महन्त जुगुल शर्मा के शिष्यों ने उन्हें नारियल, वस्त्र व भेंट अर्पित कर चरणवंदना की। महिलाएं भी गुरुओं का पूजन कर आध्यात्मिक लाभ लेती दिखीं। इसी क्रम में रामखेरी सम्प्रदाय के संत सद्गुरु श्री सुखराम महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में गुरु की महिमा का विस्तार से गुणगान किया गया। वक्ताओं ने बताया कि सद्गुरु सुखराम महाराज को नित्य अवतार माना जाता है, जिन्होंने अणभै वाणी के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग दिखाया है। यह ब्रह्मज्ञान ही गीता व संतवाणी का सार है। उनके अनुसार सद्गुरु के सान्निध्य में रहकर मनुष्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो सकता है।कार्यक्रम में दुलराज मकाणा, रामेश्वर सोमानी, दीपक कांकाणी, नवीन जागेटिया, श्यामसुंदर जागेटिया, बद्रीप्रसाद गर्ग, केदारमल गर्ग, गोपाल फोटोवाले, नोरमल भाटी, लालचंद भाटी, भगवानदास सोलंकी, प्रहलाद शर्मा, वासुदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सद्गुरु सुखराम महाराज की अणभै वाणी की आरती से हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण और पारंपरिक बधावा गायन के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ। संपूर्ण आयोजन में भक्ति, श्रद्धा व आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय समावेश देखने को मिला।



# ‘अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच’ विषय पर कार्यशाला का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा विश्व एलर्जी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिये एलर्जी दिवस की थीम ऐनाफाइलेक्सिस होलिस्टिक एप्रोच पर अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ मधु माथुर, विभागाध्यक्ष, निओनेटोलोजी एवं बालरोग विशेषज्ञ, एम.जी. एम.सी. जयपुर ने एलर्जी के विविध आयाम के निदान एवं चिकित्सा पर जानकारी दी। डॉ माथुर ने कहा कि इस वर्ष के एलर्जी दिवस की थीम ऐनाफाइलेक्सिस है जो कि एलर्जी का शीघ्र एवं अतितीव्र परिणाम दिखाने वाला स्वरूप है जिसमें रुग्णों को त्वरित आत्ययिक चिकित्सा की आवश्यकता पड सकती है। हमें जागरूक रहना है और शरीर के अन्तर्गत सफाई के साथ ही साथ पर्यावरण की भी साफ सफाई अति आवश्यक है। एलर्जी सूक्ष्म कारको से ही होती है ओर समग्र चिकित्सा विधि द्वारा इसकी बेहतर चिकित्सा की जा सकती है। संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निशा गुप्ता ने एलर्जी के कारक तत्वों पर एवं उसके आयुर्वेद निदान पर जानकारी देते हुए संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग में पिछले दशक में एलर्जी (अनुर्जता) पर हुए दस से अधिक शोधकार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो आर के जोशी ने एलर्जी एवं विभिन्न रोगों में लक्षण पर समेकित अध्ययन पर उद्बोधन दिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं यू.जी., पी.जी., पी.एच.डी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पीडब्ल्यूसी बैठक : सवा पॉच सौ करोड़ रूपये से जयपुर का होगा विकास

## गोविन्द देव जी मंदिर का किया जायेगा विकास, चमकेंगी शहर की सड़कें

## ओटीएस चौराहे के समीप हाईलेवल ब्रिज किया जायेगा चौड़ा, आमजन को मिलेगी ट्रेफिक जाम से राहत

## जेडीए द्वारा अनुमोदित योजनाओं में आन्तरिक/बाहरी सड़कों का किया जायेगा नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के नेतत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 526.00 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये। बैठक में विद्या आश्रम स्कूल-दैनिक भास्कर ऑफिस के पास स्थित हाईलेवल ब्रिज की चौड़ाईकरण कार्य हेतु 40.17 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। गोविन्द देव जी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य हेतु 5.50 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जयपुर रेल्वे स्टेशन बनीपार्क के द्वितीय प्रवेश द्वार को रेल्वे लाईन होते हुए जयपुर रेल्वे स्टेशन (हसनपुरा चौराहा) के लिए राम मंदिर (बनीपार्क) से एलसी-225 (जयपुर यार्ड) के स्थान पर तीन लेन आरओबी के जीएडी का अनुमोदन किया गया। जोन-4 में बी-2 बाईपास मेट्रो एन्कलेव योजना में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 5.05 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न आन्तरिक सड़कों हेतु 6.50 करोड़ रूपये की कार्योत्तर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। सूरजमल सर्किल से मुहाना मंडी गेट नं.-3 तक ईस्कान मंदिर रोड के दोनों ओर स्टील रेलिंग एवं इन्टरलोकिंग टाईल्स लगाने के कार्य हेतु 3.91 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-8 में 2009 से पूर्व अनुमोदित निजी खातेदारी योजनाओं में आन्तरिक सड़कों (दर संविदा) हेतु 5.07 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-9 में जेडीए से अनुमोदित विभिन्न सहकारी समिति की योजनाओं में बी.टी. व सी.सी. सड़कों के निर्माण हेतु 12.00 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-11 में जेडीए से अनुमोदित विभिन्न सहकारी समिति की योजनाओं में सड़कों के निर्माण हेतु 5.40 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-11 में सेक्टर सड़कों के निर्माण हेतु 182.00 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-12 में सेक्टर सड़कों एवं मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण हेतु 109.00 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में एच.टी. लाईन के नीचे विभिन्न सड़कों, रेलिंग कार्यों, मीडियन, दीवार, ग्रीन बेल्ट इत्यादि कार्यो 11.75 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।





# घरेलू हिंसा मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला पति देगा हर महीने 20,000, पिछली राशि 2.40 लाख भी देने का आदेश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** घरेलू हिंसा के एक अहम मामले में जयपुर की अदालत ने पीड़िता को राहत देते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आदेश दिया है कि आरोपी पति हर महीने अपनी पत्नी को 20,000 की भरण-पोषण राशि देगा। इसके साथ ही, परिवाद एक वर्ष पूर्व दायर होने के कारण न्यायालय ने पति को अब तक की कुल बकाया राशि 2,40,000 का भुगतान भी 10 जुलाई तक करने का निर्देश दिया है। यह मामला प्रकरण संख्या 19/2024 (प्रियंका शाह बनाम राहुल रूंगटा व अन्य) के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-11, जयपुर महानगर (द्वितीय) की अदालत में चल रहा था। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता कुलदीप असवाल ने पैरवी करते हुए अदालत को अवगत कराया कि महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से बार-बार प्रताड़ित किया गया है। वर्तमान में उसके पास कोई आय का स्रोत नहीं है और वह गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है। न्यायालय ने महिला की स्थिति, प्रस्तुत साक्ष्य और परिस्थितियों का संज्ञान लेते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि भरण-पोषण की यह राशि परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।यह निर्णय न केवल पीड़िता के लिए न्याय का रास्ता प्रशस्त करता है, बल्कि यह घरेलू हिंसा जैसे गंभीर मामलों में न्यायपालिका की संवेदनशीलता और सक्रियता का भी उदाहरण है।

# अनियंत्रित होकर एथेलॉन केमिकल से भरा टैंकर पलटा : केमिकल रिसाव और घर्षण से लगी आग

## 500 मीटर क्षेत्र खाली कराया, 04 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली।के पनियाला मोड़ के पास कोटपूतली-अंबाला हाईवे पर एथेलॉन केमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे केमिकल का रिसाव शुरू हो गया। रिसाव और घर्षण से टैंकर में आग लग गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व 04 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर पानी डाल कर काबू पाया गया। इस दौरान ऐहतियात के तौर पर ट्रैफिक को दूर रोक दिया गया और आसपास के ईलाके को खाली कराया गया। जानकारी के अनुसार टैंकर जैसे ही पलटा उसमें से रसायन बहने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी। हादसे के वक्त चालक ने सूझबूझ दिखाते हुये समय रहते टैंकर से दूर भाग कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग की तेज लपटों ने टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया और दूर दूर तक आग की लपटे व धुंआ दिखाई देने लगी। सूचना मिलते ही कोटपूतली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ऐहतियातन हाईवे पर यातायात को करीब आधा किलोमीटर दूर रोक कर डायवर्ट कर दिया गया। इस दौरान जाम की स्थिति बन गई। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के 500 मीटर के दायरे को पूरी तरह खाली करवा लिया गया है। आसपास की दुकानों और रिहायशी ईलाकों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के लिये दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। फिलहाल ट्रैफिक को सामान्य करने की कोशिश जारी है। मौके पर एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेंद्र बुरडक, सरूण्ड एसएचओ बाबूलाल मीणा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह समेत अनेक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# न्याय की उम्मीद में पीड़िता ने लगाई मीडिया से गुहार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** शिप्रा पथ थाना इलाके में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां किरायेदार फ्लैट पर कब्जा किया है। इस संबंध में फ्लैट मालिक की ओर से थाने में मामला भी दर्ज करवाया गया। लेकिन पुलिस की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सामने आया कि फ्लैट मालिक ने जिस किरायेदार को फ्लैट दिया था,उसने किसी और को किराए पर दे दिया। जब पुलिस की ओर से किसी तरह का कोई न्याय नहीं मिलने पर फ्लैट मालिक ने मीडिया का सहारा लिया और न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार पारूल मीणा निवासी मुरलीपुरा जयपुर ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उसने 13 सितंबर 2023 को अनूप सिंह निवासी महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) को अपने दो फ्लैट पटेल मार्ग मानसरोवर स्थित 80/219 और 80/218 को 11 महीने की अवधि के लिए किराए पर दिए थे। शुरुआती 5 महीनों तक किराया मिला। लेकिन उसके बाद अनूप सिंह द्वारा न तो किराया दिया गया। न ही निर्धारित अवधि पूरी होने के बावजूद फ्लैट खाली किया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उसके फ्लैट के ऊपर स्थित दो कमरे व रसोई थी। जो किराए में शामिल नहीं थे। उनके ताले तोड़कर अनूप सिंह ने उनमें रखा सामान चुरा लिया और वहां भी अवैध रूप से कब्जा कर लिया। इस संबंध में शिप्रापथ थाने में लिखित शिकायत दी है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस अन्याय व प्रशासनिक उदासीनता के चलते मीडिया से न्याय की उम्मीद की है।

# गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये दो वाहनों का लोकार्पण





बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** समाज के आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में पल्स हॉस्पिटल द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुये गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से दो नये विशेष वाहनों एक पिकअप तथा एक पौधारोपण मशीन युक्त ट्रैक्टर का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह दोनों वाहन अब नियमित रूप से गौ सेवा और वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्यों में समर्पित रूप से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने पल्स हॉस्पिटल की इस अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुये इसे एक आदर्श सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जब एक स्वास्थ्य संस्थान केवल रोगी की चिकित्सा ही नहीं, बल्कि समाज की नैतिक चिकित्सा और प्रकृति के संरक्षण में भी अग्रसर होता है, तब वह प्रेम आदर एवं आभार का मंदिर बन जाता है। विषिष्ठ अतिथि नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, हॉस्पिटल निदेशक डॉ. महेन्द्र सिंह पलसानिया, हरबाई देवी, शंभुदयाल (गुरुजी), एड. अशोक बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ हॉस्पिटल परिसर में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पं. अनुज शास्त्री के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना से हुआ। डॉ. महेन्द्र सिंह पलसानिया ने सभी अतिथियों को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट करते हुये कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, हमारे संस्कारों की जीवंत अभिव्यक्ति है। सेवा और संरक्षण ही हमारी सबसे बड़ी पूजा है। अतिथियों ने हॉस्पिटल परिसर में गौ माता का पूजन, तिलक एवं सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पवाना अहीर छात्रावास कैम्पस में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवाना अहीर कैम्पस स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास परिसर में सभी गुरुजनों व विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न किस्म के 700 पौधे लगाकर पौधारोपण किया गया। तथा सभी बालक बालिकाओं को घर पर पौधारोपण करने के लिए पौधे वितरित किए गए। कार्यवाहक संस्था प्रधान कृष्ण कुमार खजोतिया व प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी अनुसार प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण से ही जीवन संभव है। हमें प्रकृति को भी गुरु मानते हुए इसका पूजन करना चाहिए। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान विश्व के लिए खतरा बन गया है। प्रकृति पूजन की शपथ लेते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा कोई काम नहीं करें जो जलवायु परिवर्तन के खतरों को बढ़ाने वाला हो।

# श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी सेवाकुंज आश्रम में संत बाबा श्री कृष्णा शरण कल्याण दास जी महाराज के दर्शन हेतु उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर, महल रोड, जगतपुरा स्थित श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी सेवाकुंज आश्रम में संत बाबा श्री कृष्ण शरण (कल्याण दास जी) महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आगमन 9 जुलाई से ही प्रारंभ हो गया। प्रात: 11.00 बजे से शुरू हुए दर्शन में देशभर से भक्तों ने भाग लिया। आश्रम में एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। दोपहर 1.00 बजे से लेकर श्याम रात्रि तक लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने पत्तल प्रसादी का आनंद लिया।इस अवसर पर संत बाबा श्री कृष्ण शरण (कल्याण दास )जी महाराज ने सभी को सुख, शांति और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रतिनिधि बनवारीलाल विजय ने साझा की। जयपुरवासियों के स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना के साथ यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

# फ्रेड़ाई राजस्थान की नई कार्यकारी समिति का गठन : अनुराग शर्मा चेयरमैन, रविंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष एवं आशीष अग्रवाल बने महासचिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** फ्रेड़ाई राजस्थान की नई कार्यकारी समिति 2025-2027 का गठन निर्विरोध संपन्न हुआ। अनुराग शर्मा चेयरमैन, राजेन्द्र सिंह पचार वाईस चेयरमैन, रविंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष एवं आशीष अग्रवाल महासचिव तथा अनिल गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष, गिरिराज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रचित अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, अमित विजयवर्गीय, अतुल कृष्ण मोदी उपाध्यक्ष एवं सुभाष अग्रवाल, मदन यादव, कृष्ण गुप्ता, ललित गुप्ता संयुक्त सचिव एवं अशोक शर्मा, निहाल डंगायच, मोहित अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, गोपाल राज शर्मा, अक्षय मामोड़िया, शिवांक अग्रवाल कार्यकारी सदस्य निर्विरोध चुने गए। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस बार समिति के सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। यह निर्विरोध निर्वाचन संगठन की एकता, पारदर्शिता एवं सामूहिक सहमति का प्रतीक है। सभी नामांकनों की समय अवधि पूर्ण होने के पश्चात यह स्पष्ट हुआ है की प्रत्येक पद के लिए केवल एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ, जिसके चलते चुनाव की आवश्यकता नहीं पड़ी।



राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड

बिड आमंत्रण सूचना संख्या 05/2025-26

www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता

## सम्पादकीय

# 17 देशों की संसदों में संबोधन, 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान, विश्व मंच पर मोदी का जादू बरकरार

प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में भारत को एक नई ऊँचाई पर पहुंचा दिया है। जहां एक ओर उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की आवाज़ को विश्वमंच पर मुखर किया है, वहीं दूसरी ओर 27 देशों से प्राप्त सर्वोच्च नागरिक सम्मानों ने उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली नेताओं में स्थान दिला दिया है। यह उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति की उन्नति का प्रतिबिंब हैं।प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 2024 में गुयाना और 2025 में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नामीबिया की संसद को संबोधित किया। खास बात यह है कि 2025 में तीन देशों की संसदों में प्रधानमंत्री का संबोधन एक सप्ताह के भीतर हुआ है जोकि अपने आप में एक और कीर्तिमान है। इन सभी संबोधनों में भारत ने ग्लोबल साउथ, संयुक्त राष्ट्र सुधार, आतंकवाद विरोध, जलवायु न्याय और डिजिटल समावेशन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति पारंपरिक 'गुटनिरपेक्षता' से आगे जाकर बहुध्रुवीय मित्रता पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों से रिश्ते गहरे किए, लेकिन साथ ही अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और दक्षिण अमेरिका में नए रणनीतिक संबंध भी बनाए। मोदी की यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भारत की उभरती शक्ति, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता है। उनका हर संसद में दिया गया संबोधन, हर प्राप्त सम्मान, भारत की लोकतांत्रिक आत्मा, विकासशील दृष्टिकोण और नैतिक शक्ति का प्रतीक है।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 देशों की संसदों को संबोधित करना और 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना, भारतीय विदेश नीति के इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 11 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1302 फ्लेमिश इन्फैंट्री गोल्डन स्पर्स की कोर्तृजक युद्ध लड़ाई के पास एक बड़ी फ्रांसीसी सेना को हरा देती है।
- 1346 लग्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को पवित्र रोमन साम्राज्य का सम्राट बनाया गया।
- 1673 नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- 1735 गणितीय गणना यह बताती है कि 1979 से पहले आखिरकार प्लूटो सूर्य से आठवां सबसे दूर के ग्रह के लिए नौवें स्थान पर चले गया।
- 1750 नोवा के हैलिफ़ैक्स स्कॉशिया लगभग पूरी तरह से आग से नष्ट हो गया।
- 1776 प्रसिद्ध 'जेम्स कुक' ने आज अपनी तीसरी समुद्री यात्रा शुरू की थी।
- 1781 थॉमस हचिन्स ने अमेरिका के भूगोल को नामित किया।
- 1789 फ्रांस के लुई ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री जैक नेकर को खारिज कर दिया।
- 1804 अमेरिकी उपराष्ट्रपति हारून ब्यूर ने वीजेवन, न्यूजेरिस में एक द्वंद्वयुद्ध के दौरान अमेरिका के पूर्व सचिव अलेक्जेंडर हैमिल्टन को घातक रूप से घायल कर दिया।
- 1804 अलेक्जेंडर हैमिल्टन को हारून बोर के साथ एक द्वंद्वयुद्ध के दौरान गोली मार दी गई और अगले दिन उसकी मृत्यु हो गई।
- 1833 नोनगर योद्धा यगन, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में व्हाइटकोलोलॉजिस्टों पर प्रमुख हमलों के लिए चाहते थे, औपनिवेशिक वासियों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के स्वदेशी लोगों के क्रूर और कभी-कभी क्रूर व्यवहार का प्रतीक बनकर मारे गए थे।
- 1848 लंदन वाटरलू स्टेशन, ब्रिटेन का सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन बाईपासेंजर उपयोग, लंदन और दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा खोला गया था।
- 1864 जुबल अर्ली बिगैन के तहत अमेरिकी सिविल वॉर-कॉंफेडरेट बलों ने वाशिंगटन, डी.सी. पर कब्जा करने का असफल प्रयास किया।
- 1882 एंग्लो-मिस्र के युद्ध-ब्रिटिश नौसैनिक बलों ने उरबी बलों के खिलाफ अलेक्जेंड्रिया की स्थापना शुरू की।
- 1889 मेक्सिको में तिजुआना शहर की स्थापना की गई थी। यह मैक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया का सबसे बड़ा शहर है। यह मेक्सिको का औद्योगिक और वित्तीय केंद्र है। ग्लोबल सिटी स्टैंडर्ड का रखरखाव तिजुआना द्वारा किया जाता है। यह सबसे बड़े और महत्वपूर्ण वैश्विक शहर में से एक है।
- 1893 कोकिची मिकिमोटो ने पहला सुसंस्कृत मोती प्राप्त किया। वह एक जापानी उद्यमी था। उन्हें मोती उद्योग को शुरुआत देने का श्रेय दिया गया। मोती मोलस्क से प्राप्त एक कठोर सामग्री है। यह संरक्षण के लिए प्राकृतिक रूप से मोलस्क द्वारा बनाया जाता है।
- 1914 यूएसएस नेवादा, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी का पहला %सुपर-ड्रेडनॉट% लॉन्च किया गया था।
- 1919 नीदरलैंड ने आठ घंटे का दिन और निःशुल्क रविवार श्रमिकों के लिए कानून बनाया।
- 1921 मंगोलिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1921 लाल सेना ने सफेद सेना से मंगोलिया पर कब्जा कर लिया और मंगोलियाई पीपुल्स रिपब्लिक की स्थापना की। श्वेत सेना कम्युनिस्ट विरोधी थी।

## विशेष आलेख

# ट्रंप की वापसी और व्यापार युद्ध की वैश्विक आग: दुनिया के लिए चेतावनी की घंटी



डॉ सत्यवान सौरभ

**ट्रंप के पत्रों में स्पष्ट रूप से लिखा है 'या तो आप व्यापार समझौता करें, या 60 प्रतिशत शुल्क भरें।' यह भाषा किसी सभ्य कूटनीतिक वार्ता की नहीं, बल्कि व्यापारिक दबाव की है। वे अमेरिका को 'व्यापार का सर्वश्रेष्ठ केंद्र' समझते हैं और अन्य देशों को केवल ग्राहक। उनकी यह शैली 'राजनयिक आतंकवाद' जैसी प्रतीत होती है — जहां व्यापार एक हथियार है, और विरोध का अर्थ है दंड। यह नीति न केवल व्यापारिक संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी तनावपूर्ण बना सकती है।**

**डोनाल्ड ट्रंप की संभावित वापसी के साथ वैश्विक व्यापार युद्ध का खतरा फिर गहराने लगा है। उन्होंने विभिन्न देशों को शुल्क बढ़ोतरी की चेतावनी देते हुए पत्र भेजे हैं। इससे भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता बढ़ सकती है। भारत को आत्मनिर्भर बनते हुए, नए साझेदारियों पर ध्यान देना चाहिए और विश्व मंचों पर व्यापार नीति में संतुलन की वकालत करनी चाहिए। व्यापार को सहयोग का माध्यम बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।**

जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और महंगाई जैसे संकटों से जूझ रही है, ऐसे में एक बार फिर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वापसी की संभावनाओं के साथ वैश्विक व्यापार युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। हाल ही में ट्रंप द्वारा कई देशों को भेजे गए पत्रों और उनकी सख्त व्यापार नीति के बयान इस बात का संकेत हैं कि यदि वे फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका सर्वप्रथम की नीति के तहत विश्व व्यापार व्यवस्था को झकझोर देने में वे पीछे नहीं हटेंगे। यह केवल अमेरिकी चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक समझौतों और राजनयिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे व्यापार को कोई कूटनीतिक माध्यम नहीं, बल्कि दबाव बनाने का साधन मानते हैं। चीन, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, भारत—किसी को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने आयात शुल्क को हथियार बनाकर अपने हित साधे और जबरदस्ती शर्तें मनवाईं। अब एक बार फिर, ट्रंप ने अपने बयानों में यह चेताया है कि यदि अन्य देश अमेरिका के साथ 'उचित' व्यापार समझौते नहीं करते, तो उन्हें भारी शुल्क देना होगा। उनके हालिया पत्रों में स्पष्ट रूप से 10 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है। यह सिर्फ धमकी नहीं, बल्कि एक रणनीति है जो वैश्विक व्यापार सहयोग को प्रतिस्पर्धा और भय में बदल देती है। भारत को ट्रंप की इन नीतियों से दोहरे परिणाम मिल सकते हैं। एक ओर, अमेरिका चीन से दूरी बनाकर भारत जैसे देशों की ओर रुख कर सकता है, जिससे भारत को व्यापारिक अवसर मिल सकते हैं। दूसरी ओर, ट्रंप की 'कड़ी शर्तों वाली' व्यापार नीति भारत को अमेरिकी दबाव में ला सकती है। भारत पहले भी ट्रंप प्रशासन के दौरान कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ोतरी का शिकार बन चुका है — जैसे इस्पात और एल्यूमिनियम। यदि ट्रंप फिर सत्ता में लौटते हैं, तो यह दबाव और अधिक हो सकता है। विशेष रूप से औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, और वस्त्र उद्योग जैसे क्षेत्रों में भारत को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

व्यापार युद्ध किसी एक देश की समस्या नहीं होती  यह पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। जब अमेरिका शुल्क बढ़ाता है, तो बदले में अन्य देश भी प्रत्युत्तर में शुल्क लगाते हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति तंत्र टूटता है, महंगाई बढ़ती है, और आर्थिक मंदी का खतरा मंडराता है। 2018-19 के दौरान ट्रंप और चीन के बीच चले व्यापार युद्ध से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता आई थी। विश्व व्यापार संगठन को भी झटका लगा था, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की वृद्धि दर में गिरावट देखी गई थी। वही स्थिति अब फिर से उत्पन्न हो सकती है।


ट्रंप के पत्रों में स्पष्ट रूप से लिखा है 'या तो आप व्यापार समझौता करें, या 60 प्रतिशत शुल्क भरें।' यह भाषा किसी सभ्य कूटनीतिक वार्ता की नहीं, बल्कि व्यापारिक दबाव की है। वे अमेरिका को 'व्यापार का सर्वश्रेष्ठ केंद्र' समझते हैं और अन्य देशों को केवल ग्राहक। उनकी यह शैली 'राजनयिक आतंकवाद' जैसी प्रतीत होती है — जहां व्यापार एक हथियार है, और विरोध का अर्थ है दंड। यह नीति न केवल व्यापारिक संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी तनावपूर्ण बना सकती है। उनके दृष्टिकोण में दीर्घकालिक सहयोग के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तात्कालिक लाभ सर्वोपरि है।

ट्रंप ने उच्च तकनीक उद्योगों और सेमीचालक निर्माण क्षेत्र को भी निशाना बनाया है। वे चाहते हैं कि अमेरिका के बाहर बनने वाले उन्नत तकनीकी उत्पादों पर भारी शुल्क लगाया जाए, ताकि कंपनियाँ अमेरिका में उत्पादन करें। इससे भारत की सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियों को भी झटका लग सकता है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को सेवाएं देती हैं। यदि ट्रंप ने कामकाजी वीज़ा नीति को फिर से कठोर किया, तो भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों को अमेरिका में नौकरी पाने में कठिनाइयाँ होंगी।

ट्रंप का 'अमेरिका सर्वप्रथम' नारा वैश्वीकरण की भावना के विपरीत है। यह राष्ट्रवाद को व्यापार के केंद्र में रखता है और सहयोग की बजाय प्रतियोगिता को महत्व देता है। लेकिन आज की अंतरसंबंधित विश्व अर्थव्यवस्था में कोई देश अकेले आगे नहीं बढ़ सकता। आज की दुनिया साझेदारी आधारित विकास की मांग करती है — जहां तकनीक, व्यापार और नवाचार एक साथ चलते हैं। ट्रंप की नीति इस ताने-बाने को तोड़ सकती है।

ट्रंप की इस नीति से अमेरिका और अन्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ सकता है। चीन और रूस पहले से अमेरिका से दूरी बनाए हुए हैं। अब यदि ट्रंप दक्षिण एशियाई और यूरोपीय देशों पर भी इसी प्रकार दबाव डालते हैं, तो एक नया राजनयिक विभाजन देखने को मिल सकता है।

# श्रावण जैसा कोई दूसरा मास नही



विवेक वैश्णव

**बरसता हुआ जल अमृत सदृश ही होता है। वेद कहते हैं ''अप एव ससर्जादौ।'' जल का एक पर्याय 'नारा' शब्द भी है और यह नारा जल जिसका घर है वह विष्णु नारायण ही हैं। अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। इस महीने भगवान विष्णु जगत पालन का अपना दायित्व भगवान शिव को समर्पित कर जल का आश्रय लेकर क्षीर सागर में चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं।**

**कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल की प्रधानता लिए हुए है। आकाश से**

सनातनीय द्वादश मासों के क्रम में 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहे पांचवे मास श्रावण को आत्म शुद्धि, संयम और ईश्वर भक्ति का महीना माना जाता है। 9 अगस्त तक चलने वाला श्रावण मास परम साधना का पर्व है। समस्त पृथ्वीवासियों को तृप्ति देने वाला श्रावण जैसा कोई दूसरा मास नहीं है। श्रावण का एक अर्थ प्रसन्न करना भी होता है। प्राचीन काल में वेद नित्य श्रवण किए जाते थे लेकिन शनैः शनैः उनका सुनना कम हो गया था। तब यह निर्णय लिया गया कि इन्हें केवल वर्षा काल में सुना जाए। इसलिए इस काल में पड़ने वाले मास का नाम श्रावण हुआ। ज्योतिशिय महत्व में श्रावण मास के प्रारंभ में सूर्य राशि परिवर्तन करते है।

कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल की प्रधानता लिए हुए है। आकाश से बरसता हुआ जल अमृत सदृश ही होता है। वेद कहते हैं ''अप एव ससर्जादौ।'' जल का एक पर्याय 'नारा' शब्द भी है और यह नारा जल जिसका घर है वह विष्णु नारायण ही हैं। अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। इस महीने भगवान विष्णु जगत पालन का अपना दायित्व भगवान शिव को समर्पित कर जल का आश्रय लेकर क्षीर सागर में चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। इसलिए चौमासे में शिव ही सर्वेसर्वा देवता हैं।

''मासेषु द्वादशादित्याः तपन्ति हि यथाक्रमम्।'' जिन चार मासों में विष्णु शयन की बात कही गई है उसमें सूर्य की किरणों का प्रभाव वर्षा की प्रबलता के कारण पृथ्वीवासियों को स्वल्प ही प्राप्त होता है। दो ही तत्व सृष्टि के मूल में कार्य करते हैं अग्नि एवं सोम। ''अग्निसोमात्मकं जगत।'' इस समय दक्षिणायन काल होने से अग्नि की मंदता समस्त जीव जंतु, पेड़ पौधे, वनस्पतियां सोमतत्व से जीवन को प्राप्त करते हैं। इस मास में अत्यधिक जल वृष्टि होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं तथा ताप शांत हो जाता है। सबसे महत्वपूर्ण घटना समुद्र मंथन का सम्बन्ध भी सावन से ही है। सावन में ही समुद्र मंथन में हलाहल निकला था जिसे भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया और उन्हें लोक ने नीलकंठ नाम दे दिया। ऐसी मान्यता भी है कि शिवजी के विष पान से उत्पन्न ताप को शीतलता प्रदान करने के लिए मेघराज इन्द्र ने भी बहुत वर्षा की थी इससे भगवान शिव को बहुत शांति मिली। इसी घटना के बाद सावन का महीना भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए मनाया जाता है। उन पर विष का प्रभाव कम हो इसीलिए सावन या श्रावण मास में उन्हें जल चढ़ाया जाता है। इसका अंतर्निहित संदेश है लोक विषमुक्त हो। इस महीने में जब बारिश शुरू होती है तो इससे पाचन तंत्र धीमा हो जाता है। ऐसे में ऐसा खाना अच्छा होता है जो पचने में आसान हो। इसीलिए कई हिंदू श्रावण के महीने में समय समय पर व्रत रखते हैं जो उनके स्वास्थ्य और पाचन के लिए अच्छा होता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



श्री रविदत्त गौड़ ( आईपीएस )
( आईजी कोटा रेंज )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ आईपीएस श्री रवि दत्त गौड़ साब। 1 जनवरी सन 1966 को अजमेर जिले में जन्में रवि दत्त गौड शुरू से ही ऊर्जावान व्यक्तित्व के रहे। एम.कॉम शिक्षा पूरी करने के बाद राजस्थान पुलिस सेवा में आए और राजस्थान के विभिन्न जिलों में डिप्टी एसपी और एडिशनल एसपी पदों पर रहकर शानदार पुलिसिंग की। आईपीएस में पदोन्नति 28 जून 2013 आज महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज कोटा जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व पुलिस आयुक्त, जोधपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज कोटा।
उप महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज कोटा। उप महानिरीक्षक पुलिस, कार्मिक जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, आर्म्ड बटालियन. पुलिस मुख्यालय जयपुर। पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था पुलिस मुख्यालय, जयपुर। कमाण्डेन्ट, 7वी बटालियन आरएसी भरतपुर। पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (दक्षिण) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, एसीबी अजमेर। इसके अलावा अतिरिक्त प्रभार प्रो.वाइस चांसलरए सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर को भी संभाला। बेहद शानदार अधिकार के रूप में इन्हे जाना जाता है। रवि दत्त साब जहां भी रहे वहां के लोग इन्हें याद करते हैं। अपने कर्मचारी व अधिकारियों से बेहतरीन तालमेल व उनके प्रति शानदार व्यव्हार इनकी शख्सियत में चार चाँद लगाता है। ठीक ऐसे ही अपने उच्चाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापि करके अपराध को रोकने में कारगर सिद्ध हुए हैं। अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास के पुलिस स्लोगन को बड़ा किया है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इन्के उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# सुरों के सरताज थे पंचम दा, बॉलीवुड को दिए कई बेहतरीन गान

आरडी बर्मन को पंचम दा नाम अभिनेता अशोक कुमार ने दिया था। वह जब भी किसी धुन को गुनगुनाते थे, तो अक्सर %प% शब्द का इस्तेमाल करते थे। यह बात अभिनेता अशोक कुमार ने नोटिस कर ली और उन्होंने आरडी बर्मन को पंचम दा नाम दे दिया।

आज ही के दिन यानी की 27 जून को महान संगीतकार राहुल देव बर्मन का जन्म हुआ था। आज भले ही आरडी बर्मन हम लोगों के बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा कंपोज किए गए गाने लोग आज भी सुनना और गुनगुनाना पसंद करते हैं। आरडी बर्मन ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गानों से नवाजा है। आरडी बर्मन को इंडस्ट्री के लोग प्यार से पंचम दा भी कहते थे। हालांकि इस नाम के पड़ने के पीछे भी एक कहानी है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर आरडी बर्मन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में ...

कैसे पड़ा पंचम दा नाम

आरडी बर्मन को पंचम दा नाम अभिनेता अशोक कुमार ने दिया था। वह जब भी किसी धुन को गुनगुनाते थे, तो अक्सर %प% शब्द का इस्तेमाल करते थे। यह बात अभिनेता अशोक कुमार ने नोटिस कर ली और उन्होंने आरडी बर्मन को पंचम दा नाम दे दिया। धीरे-धीरे यह नाम इतना ज्यादा फेमस हो गया कि दुनिया भर में लोग उनको पंचम दा के नाम से पुकारने लगी।

जन्म और परिवार

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 27 जून 1939 में राहुल देव बर्मन का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम सचिन देव बर्मन था, जोकि बॉलीवुड के महान संगीतकारों में गिना जाता था। वहीं आरडी बर्मन ने भी अपने पिता की तरह इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया। उनको बचपन से ही संगीत का शौक था। आपको जानकर हैरानी होगी कि महज 9 साल की उम्र में पंचम दा ने अपना पहला गाना कंपोज किया था। साल 1956 में उनके पिता सचिन देव बर्मन ने फिल्म फंटूश में इस गाने का इस्तेमाल किया था।

पहली शादी

आरडी बर्मन की पहली शादी रीता पटेल से हुई थी। वह आरडी बर्मन की फैन थीं। कहा जाता है कि रीता पटेल ने अपने दोस्त से शर्त लगाई थी कि वह राहुल के साथ डेट पर जाकर रहेंगी। वहीं रीता ने ऐसा कर दिखाया। साल 1966 में दोनों की शादी हो गई, लेकिन साल 1971 में रीता और आरडी बर्मन का तलाक हो गया।

फिल्मी है लव स्टोरी

साल 1956 में पंचम दा और आशा भोसले की मुलाकात हुई थी। इस समय आशा भोसले म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी थीं। वहीं पंचम दा ने फिल्म तीसरी मंजिल के लिए आशा जी से संपर्क किया। यह वह समय था जब आरडी बर्मन का पहली पत्नी रीता पटेल से तलाक हुआ था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृष**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मिथुन**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**कर्क**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कन्या**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

**तुला**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**वृश्चिक**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# चौथ का बरवाड़ा उपखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करें : कानाराम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने गुरुवार को चौथ का बरवाड़ा उपखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने उपखंड कार्यालय की स्थापना, लेखा, राजस्व शाखा एवं न्यायालय कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपखंड अधिकारी के राजस्व न्यायालय में लंबित विभाजन, रास्तों तथा 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों से संबंधित रोड़ा प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए इन प्रकरणों के समाधान हेतु संबंधित बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठके आयोजित कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति जानी जाए एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने राजस्व न्यायालय की नियमित सुनवाई, ई-फाइलिंग प्रणाली का पूर्ण क्रियान्वयन कर न्यूनतम समय में फाइलों का निस्तारण तथा सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निर्धारित समयावधि में निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह एवं तहसीलदार नीरज सिंह को निर्देशित किया कि चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक के कार्यालयों का नियमित निरीक्षण कर आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# 'कांग्रेस एक परिवार की पार्टी, तुष्टिकरण की राजनीति करती है': बीजेपी राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह बोली कि हमारा विचार सबका साथ, सबका विकास

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री से अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है, वह तुष्टिकरण की राजनीति करती है, उनकी विचारधारा सत्ता और पद की लालसा रखती है, जबकि बीजेपी की विचारधारा पीएम मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास है। हम समाज में सामजस्य रखते है। यह बात अलका सिंह गुर्जर ने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर टोंक दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारी विशेषता है कि हम गुरुओं को नमन करते है, उस पर भी उन्हे (कांग्रेसियों को) एतराज है। क्योंकि वह एक परिवार की पार्टी है, उससे आगे उन्हे कुछ नजर नहीं आता है। लेकिन हम जिस परिवार व वैचारिक सिद्धांत को मानने वाले लोग हैं हमारे लिए समाज का सामंजस्य, देश का विकास और राष्ट्र प्रथम की अवधारणा अनुरूप काम करते हैं। जिनको आलोचना करनी है, वे करते रहें। लेकिन समाज, देश व विश्व देख रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है। अलका गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में निराशा है। उनकी पार्टी में गहलोत सरकार के समय जो झगड़ा हुआ था। वह अब तक कायम है। वह एक जाजम पर नहीं बैठ सकते हैं। विचार तो उनका कोई है ही नहीं, उनका विचार सिर्फ सत्ता और पद है।कांग्रेस के नेता निराशा, डिप्रेशन से परेशान भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा विचार देश का विकास, सबका साथ सबका विकास है। कांग्रेस वाले जो कहते हैं उनको जनता देख रही है। आमजन भी देख रहा है। भाजपा जिस गति से देश को आगे बढ़ा रही है, सबको साथ लेकर चल रही है। वह भी जनता के मन में है इसलिए कांग्रेस के नेता निराशा, डिप्रेशन की वजह से परेशान है। हनुमान बेनीवाल के बीजेपी नेताओं पर आये दिन दिए जाने वाले बयान को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि उस (बेनीवाल) पर टिप्पणी करने का कोई मतलब नहीं है। जो व्यक्ति निराशा में डूबे हुए हैं, जिनको भविष्य अंधकार में में दिख रहा है। वह ऐसी बातें करते हैं, वह उनका अपना विचार है। उन्होंने गुरु पूर्णिमा को लेकर कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु का दर्जा सबसे उपर रखा है। पूर्णिमा पर ऐसे गुरुओं को नमन करना है, जो समाज की एकता के लिए, समाज की सामजस्यता के लिए समाज को नई दिशा देने का प्रयास करते है। यह नमन करने का दिन है और राजस्थान सरकार और बीजेपी गुरुओं के पास जाकर उनका सम्मान कर रहे है।

# जिला कलक्टर ने अटल जन सेवा शिविर में की जनसुनवाई, प्रकरणों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सेवाओं की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के समस्त उपखंड मुख्यालयों पर अटल जन सेवा शिविरों के दौरान पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में जिला कलक्टर काना राम ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। अटल जन सेवा शिविर के दौरान जिला कलक्टर के समक्ष पट्टा जारी करवाने, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, राशन कार्ड में आधार सीडिंग, लघु एवं सीमांत किसान प्रमाण पत्र, जलभराव की समस्या, बिजली बिलों की विसंगतियां, पेयजल समस्या, अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, राजीविका भवन निर्माण, पेंशन स्वीकृति जैसे विविध प्रकरण प्रस्तुत किए गए। सभी प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे परिवादों का समयबद्ध ढंग से संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अधिकारी अपने कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक एक घंटे की जनसुनवाई अनिवार्य रूप से करें। साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाए, जिसमें संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जिला कलक्टर ने कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक परिवादी का मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज किया जाए, ताकि समाधान होने पर उसे व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जा सके।

### पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शिविर के उपरांत जिला कलक्टर ने पंचायत समिति परिसर में जामुन का पौधा लगाकर 'हरियालो राजस्थान' अभियान को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकाधिक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख एवं परिसर के सौन्दर्यकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह, तहसीलदार नीरज सिंह, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैश्य समाज के निर्णय से प्रशासन व पुलिस को कराया अवगत

## किन्नर समस्या समाधान के लिए रखा प्रस्ताव, प्रस्ताव का तुरन्त असर भी नजर आया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के वैश्य समाज ने विशेष अवसरो पर किन्नरो द्वारा मनमानी रकम वसूलने एवं नहीं देने पर परेशान करने से रोकने के लिए समाज ने सामूहिक निर्णय लेकर निर्णय की प्रति थानाधिकारी मालपुरा को सौंपी। गत दिनो वैश्य समाज की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से परिवार में समय समय पर आयोजित होने वाले समारोह के बाद किन्नर समाज के लोग बिन बुलाए मेहमानो की तरह आकर हो हल्ला कर व परेशान मोटी रकम एठेंने की समस्या के समाधान पर विचार हुआ। बैठक में वैश्य समाज ने सामूहिक निर्णय लेकर घर परिवार में आयोजित विशेष समारोह के दौरान आने वाले किन्नरो के लिए अधिकतम 21 सो रूपये की राशि तय की गई। बैठक में लिए सामूहिक निर्णय से पुलिस को अवगत कराने के लिए वैश्य समाज के लोग सामूहिक रूप से थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा के समक्ष उपस्थित होकर वैश्य समाज की बैठक में लिए निर्णय की प्रति सौंप कर इससे अधिक राशि नहीं देने पर परेशान करने वाले किन्नरो पर कार्रवाई की मांग की। वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल की ओर से सौंपे गए निर्णय पर थानाधिकारी बेड़ा ने प्रशंसा प्रकट कर परेशान करने वाले किन्नरो की जानकारी देने का अनुरोध किया। वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट कृष्णकांत जैन, विजयवर्गीय समाज अध्यक्ष हनुमान प्रसाद विजय, महामंत्री कैलाश चन्द विजयवर्गीय अजमेरी वाले, अग्रवाल समाज अध्यक्ष ताराचन्द जैन, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अमित झंवर, ओसवाल समाज के रवि कोठारी, पवन मोदी, प्रकाशचन्द पाटनी, पवन सुराशाही, पवन जैन संगम, कृष्ण गोपाल कठमाना, मुकेश मारू, रामपाल आगीवाल, लादू गणवरिया, सुनील कापड़ी , भैंरूलाल जैन सहित वैश्य समाज के अन्य कई लोग शामिल रहे।

### त्वरित असर भी हुआ

वैश्य समाज के निर्णय की प्रति थानाधिकारी बेड़ा को देने के दौरान ही गुरूवार को कुछ किन्नर बृजलालनगर निवासी चन्द्रप्रकाश धाबड़धींगा के यहां पहुंच कर हो हल्ला करने की जानकारी मिली। साथ में जानकारी यह भी मिली कि किन्नरो की ओर से मोटी रकम मांगी जा रही है और नहीं देने पर परेशान किया जा रहा है। जिसकी जानकारी लगते ही थानाधिकारी बेड़ा दल बल मौके पर पहुंच कर परेशान किन्नरो को थाने में लाकर समझाईस कर समाज के हुए निर्णय को मानने की बात कही। जिसका किन्नरो पर हुआ और चन्द्रप्रकाश धाबड़धींगा के परिवारजनो की ओर से दी जा रही 21 सो रूपये की राशि लेकर यहां से निकल गए।

# गुरू पूर्णिमा पर शिष्यो के किया गुरू के चरणो में नमन : गुरूआलयो में उमड़ी आस्था और श्रद्धा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** उपखण्ड क्षेत्र मालपुरा में पवित्र गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिष्यो ने गुरू के चरणो में नमन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। वहीं क्षेत्र के गुरूआलयो में आस्था ओर श्रद्धा के भारी संख्या शिष्यो व श्रद्धालुओं उमड़े कर दर्शन कर मत्था टेका। गुरूवार को पवित्र गुरू पूर्णिमा होने के चलते क्षेत्र के सभी शिष्य अपने अपने गुरू के समक्ष मौजुद रहकर नमन किया और आर्शिवाद प्राप्त किया। इसी कड़ी में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चोधरी अपना नाथद्वारा का दोरा सम्पन्न कर नजदीके तीर्थ स्थल चारभुजा पहुंचे। यहां अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की पावन श्री रामनिवास धाम पीठ के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगतगुरू आचार्य श्री स्वामी जी श्री रामदयाल जी महाराज का भव्य चातुर्मास चल रहा है। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के पास पहुंच कर चरण वन्दन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। साथ ही चौंधरी ने प्रदेश के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान आचार्य श्री ने जलदाय मंत्री का दुपट्टा व शॉल औढ़ाकर व श्री चारभुजा नाथ का आकर्षक चित्र भेंट कर सम्मान किया। जलदाय मंत्री चोधरी का इस दौरान चातुर्मास आयोजन समिति की ओर से भी सम्मान व अभिनन्दन किया गया। इससे पहले जलदाय मंत्री चौधरी नाथद्वारा के श्रीनाथ जी के मन्दिर पहुंच कर दर्शन किए। इस दौरान मन्दिर के पुजारी ने जलदाय मंत्री कर अभिनन्दन किया। जलदाय मंत्री के उपखण्ड अधिकारी नाथद्वारा भी मौजुद रहे। श्री अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की शाहपुरा स्थित श्री रामनिवास धाम में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित राजस्थान प्रदेश के कोने कोने से रामस्नेही श्रद्धालु भक्त मोजुद रहे गुरू भक्ति कर पुण्य प्राप्त किया। वहीं धाम में लगभग पांच सो से अधिक श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मालपुरा के केकड़ी रोड स्थित अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की ओर से संचालित एवं संत परम्परा के पावन एवं पवित्र सत्संग भवन में गुरू परमपरा के शिष्यो ने पहुंच कर सत्संग भजन कीर्तन किए। इधर गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरू परम्परा के शिष्य अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के महाप्रभू स्वामी रामचरण जी महाराज की जन्म स्थली क्षैत्र के सोड़ा स्थित पावन धाम रामद्वारा पहुंच कर पूजा अर्चना व आरती कर व शिश नंवा कर मंगल आर्शिवाद प्राप्त किया।

# डिग्गी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी पवित्र गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित मासिक मेले में हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कल्याण जी महाराज के दर्शन किए। गुरूवार को आसपास व दूरदराज से कलाभक्त अल सवेरे होने वाल मंगला आरती के दौरान ही कल्याण जी महाराज के दर्शन व शीश नवां कर दर्शन किए। इसके बाद तो कल्याण जी महाराज के मन्दिर के सामने के अनावा विजय सागर की तालाब की पाल पर, रोडवेज बस स्टेण्ड के आगे तिराहे पर दो व चार पहिया वाहनो की रेलमपेल हो गई। कलाभक्त कल्याण जी महाराज के जयकारे लगाते कोई पदयात्रा से तो कोई कनक दण्डवत करते दर्शनो के लिए मन्दिर पहुंचने लगे। जिससे मन्दिर के बाहर लम्बी कतारे लग गई। थानाधिकारी डिग्गी सत्यनारायण चौधरी के नेतृत्व में डिग्गी क्षैत्र का पुलिस प्रशासन के साथ साथ नगरपालिका डिग्गी के कार्यवाहक ईओ नायब तहसीलदार हंसराज जाट ने पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाऐं देखी और अपनी निगरानी में प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओ को सूदृढ़ किया। जिसका परिणाम रहा कि प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासो के चलते हजारो की संख्या में श्रद्धालु आनें पर भी मासिक मेले में व्यवस्थाऐं बनी रही। मन्दिर के सेवारत पुजारी ने भी गुरू पूर्णिमा को ध्यान में रखकर कल्याण जी महाराज की आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकी सजाई।



# सावन मास शुरू होते शिवलयो में विशेष पूजा हुई शुरू

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर एवं उपखण्ड क्षेत्र के शिवालयो में पवित्र सावन मास के प्रारम्भ होते शिव भक्तो की ओर से विशेष पूजा अर्चना का दौर प्रारम्भ हो गया। गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के दिन से पवित्र सावन का महीना भी प्रारम्भ हो गया। इस महीने के प्रारम्भ होने के साथ शिवालयो में विशेष पूजा अर्चना सहित सहस्त्रघट जैसे आयोजनो की धूम मच गई। इसी कड़ी में श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर समिति की ओर सावन के महीने में सुबह से दोपहर तक दो बार होने वाली पूजा अर्चना का शुभारमभ विकास समिति के सदस्यो ने पूजा कर किया। इस पूजा में समिति अध्यक्ष दिनेश विजय सहित लेखराज सोनी,इन्द्रराज सोनी सहित अन्य सदस्यो ने भाग लिया। अध्यक्ष विजय ने बताया कि पूरे सावन मास के दौरान शिव भक्तो के सहयोग से सुबह से दोपहर तक दो पारी में विशेष पूजा अर्चना का दौर नियमित जारी रहेगा। इसके अलावा श्री बारादरी बालाजी मन्दिर स्थित शिवालय में भी सत्यनारायण विजयवर्गीय डूंगरीवालो ने अपने परिवारजनो के साथ पूजा कर विशेष पूजा का शुभारम्भ किया।

# गुरु पूर्णिमा पर राज्य सरकार ने आचार्य ताराचंद शास्त्री का किया सम्मान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को राज्य सरकार के प्रतिनिधि संतों के द्वार पहुंचे। इन प्रतिनिधियों ने प्रदेशभर में 505 संतों का सम्मान किया। इसी कड़ी में मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान खेरदा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री का उनके निवास पर पहुंचकर राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने सम्मान किया! उल्लेखनीय है कि ज्योतिषाचार्य ताराचंद शास्त्री का यह सम्मान राज्य सरकार की ओर से निरंतर दूसरी बार किया गया है। सम्मान के तौर पर राज्य सरकार के प्रतिनिधि ने आचार्य ताराचंद शास्त्री का मुख्यमंत्री की ओर से भेजा गया पत्र, भेंट स्वरूप दक्षिणा एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। इस मौके पर दूर दराज से आए शुभचिंतकों ने भी आचार्य ताराचंद शास्त्री का माल्यार्पण कर, दुपट्टा पहनाया और भेंट स्वरूप दक्षिणा दी। उल्लेखनीय है कि सवाई माधोपुर निवासी पंडित ताराचंद शास्त्री का हाल ही लंदन में भी अप्रवासी भारतीयों द्वारा सम्मान किया गया था। इससे पूर्व मॉरीशस थाईलैंड आदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान किया जा चुका है। राज्य सरकार की ओर से निरंतर दूसरी बार किए गए सम्मान को पंडित ताराचंद शास्त्री ने सवाई माधोपुर के नागरिकों का आशीर्वाद बताया है। साथ ही कहा है कि यहां के नागरिकों को आशीर्वाद सदैव इसी प्रकार बना रहे।

# हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान पौधारोपण एवं जल संरक्षण को मिलेगी गति

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में ग्रामीण विकास, डांग क्षेत्र योजनाएं एवं मिशन हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत संचालित पौधारोपण कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने पौधारोपण की गति बढ़ाने और इसे प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश देते हुए कम स्थान में सघन पौधारोपण के लिए 'मियावाकी तकनीक' को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पौधारोपण स्थल की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने अवगत कराया कि जिले में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 568 स्थानों पर पौधारोपण का कार्य प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे और 45 हजार से अधिक गड्ढों की खुदाई पूर्ण हो चुकी है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा मस्टरोल चलाकर गड्ढा खुदाई एवं पौधारोपण से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड्स व तारबंदी करने, पौधों की निराई-गुड़ाई हेतु श्रमिक नियोजन सुनिश्चित करने एवं पंचायत स्तर पर स्वयं की पौधशालाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'पंच गौरव' के तहत प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर नीम आधारित पौधशाला तथा मोरिंगा एवं औषधीय पौधों की हर्बल नर्सरी विकसित की जाए। आगामी वर्ष हेतु अभी से पौधे तैयार करने के लिए हर पंचायत में एक कार्मिक नियुक्त किया जाएं। जिला कलक्टर ने मनरेगा में श्रमिक नियोजन प्रतिशत बढ़ाने, संसाधनों के अनुसार कार्य संतुलन स्थापित करने और पोर्टल पर दर्ज आवास योजनाओं से जुड़े प्रकरणों में 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत मस्टरोल प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त विकास अधिकारी, पंचायत राज एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण में खैरथल-तिजारा का अभूतपूर्व योगदान, 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' में राज्य में 8वां स्थान प्राप्त

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा, (नि.स.)।** राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला खैरथल-तिजारा ने जल संरक्षण और जनसहभागिता के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले ने इस अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय रैंकिंग में शीर्ष से 8वां स्थान प्राप्त किया है। अभियान के दौरान जिले में 7,750 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिनमें 2.15 लाख महिलाओं सहित 4.03 लाख आमजन ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह अभूतपूर्व जनभागीदारी इस बात का प्रमाण है कि समाज के सभी वर्ग जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर जागरूक और संवेदनशील हो रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव एवं जनप्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वयं मौके पर पहुंचकर श्रमदान एवं जनजागरूकता में योगदान दिया। अभियान की सफलता में सरकारी तंत्र, सामाजिक संस्थाएं और स्वयंसेवियों का सामूहिक योगदान सराहनीय रहा। अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि जिले ने सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) और जनदान के माध्यम से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान समिति मद में ?55.83 लाख एकत्र किए, जिससे खैरथल-तिजारा राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही, एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के जल संरक्षण कार्य भी सीएसआर माध्यम से करवाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान 2,423 जल स्रोतों, गौशालाओं, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। 384 कार्यों का अवलोकन, लोकार्पण और नए कार्यों का शुभारंभ किया गया। वहीं 2,290 स्थलों पर आमजन द्वारा श्रमदान कर जल



संरक्षण के प्रति सामूहिक चेतना का परिचय दिया गया। सीएसआर सहयोग से कर्मभूमि से मातृभूमि योजना के अंतर्गत 99 रिचार्ज शाफ्ट/संरचनाएं तैयार की गईं, जो वर्षा जल को भूमिगत रिचार्ज करने में सहायक होंगी। इसके अलावा 284 मैजिक पिट व सोक पिट का निर्माण किया गया। जनजागरूकता के लिए 1,642 आईईसी (सूचना, शिक्षा व संप्रेषण) गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें निबंध, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रभात फेरियां आदि सम्मिलित रहीं। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों को विशेष रूप से जोड़ा गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संरक्षण के साथ-साथ वृक्षारोपण पर भी विशेष जोर दिया गया। हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 3,14,860 वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के 596 गांवों में 5,701 कार्यक्रम और शहरी क्षेत्रों के 7 शहरों में 2,049 कार्यक्रम आयोजित कर व्यापक जनसंवाद और हरियाली का संकल्प लिया गया। 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' केवल जल स्रोतों के संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि जन से जन तक जागरूकता फैलाकर, प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व को निभाने की मुहिम बन चुका है। खैरथल-तिजारा जैसे जिले इस दिशा में आगे बढ़कर राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

# कृषि भूमि पर भू-माफिया बेरोकटोक काट रहे कॉलोनियां, सरकार को करोड़ों का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते भू-माफिया कृषि भूमि पर कॉलोनियां काटकर बेरोकटोक बेच रहे हैं। कस्बे के टहला चौराहा, मूनपुर बाईपास, अलवर रोड़ के आसपास बिना भू-रूपांतरण व एनओसी के कॉलोनियां काटने का खेल चल रहा है। इन अवैध कॉलोनियों के कारण राज्य सरकार को हर साल करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। कृषि भूमि पर कॉलोनी विकसित करने के लिए नगर पालिका, तहसीलदार, एसडीएम व जिला कलक्टर की अनुमति और भूमि की किस्म परिवर्तन जरूरी है। लेकिन, क्षेत्र में कट रही कॉलोनियों को भूमाफियाओं द्वारा कन्वर्ट नहीं करवाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिम्मेदारों की



ढ़िलाई का फायदा उठाकर भू माफिया अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए हैं। आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रजिस्ट्री के नाम पर राजस्व की नाम मात्र की हो रही कमाई हो रही है। जानकारों की माने तो अगर उक्त सभी प्लाटिंग साइट कृषि भूमि से आवासीय या कमर्शियल में कन्वर्ट करवाई जाए तो सरकार को करीब 3 से 4 गुना ज्यादा मुनाफा होगा। जो कि उसके राजस्व में एकत्रित होता। गौरतलब है कि राजगढ़ तहसील व नगर पालिका क्षेत्र सहित आसपास के इलाके में कृषि भूमि पर बिना नियम के भूमि सम परिवर्तन कर अवैध कॉलोनियां एवं दुकानों का बेचान किया जा रहा है। भूमि सम परिवर्तन के बिना राजस्थान भू राजस्व अधिनियम में कृषि भूमि पर आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण करना दोनों ही पूर्णतया अनुचित है। फिर भी मिलीभगत के खेल में प्रतिदिन दर्जनों प्लाटों एवं दुकान का पंजीयन नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है।

# पुरुषार्थी समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह रविवार को

## समाज के हित में आगामी कार्यक्रमों पर होगा मंथन

## केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला पुरुषार्थी समिति की ओर से प्रतिभावान बालकों व युवाओं का सममान समारोह 13 जुलाई को प्रताप आडिटोरियम में सुबह 9 बजे से होगा। इसमें अलवर और खैरथल जिले के प्रतिभावान ब%चे ओर युवा भाग लेंगे। समिति के अध्यक्ष कुलदीप कालरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं और बारहवीं सहित सभी बड़ी कक्षाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थीए प्रशासनिक सेवाओं में सफ्लता प्राप्त करने वाले युवाए एमबीबीएस में प्रवेश पाने वाले और चिकित्सक बनने वाले युवा तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों का सममान होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री व सांसद भूपेन्द्र यादव और विशिष्ट अतिथि विधायक सुखवंत सिंह होंगे जबकि अध्यक्षता रा%य मंत्री व अलवर शहर विधायक संजय शर्मा करेंगे। इस अवसर पर पंजाबी संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें प्रवेश निरूशुल्क है। इस कार्यक्रम में अलवर और खैरथल जिले के सभी बलाकों से समाज के लोग आएंगे जिनका जोरदार तरीके से स्वागत किया जाएगा। समाज के हित में होगा निर्णय:-मुख्य सलाहकार राकेश अरोड़ा ने बताया कि पुरुषार्थी समाज के इस कार्यक्रम को लेकर सभी में उत्साह है। समिति प्रतिभावान बच्चों को सममानित कर रही है। इस अवसर पर समाज के हित में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी जिला स्तर पर तैयार होगी।

# गुरू पूर्णिमा पर मंदिरों में वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पत्र भेजकर दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल राजगढ़ द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। इस अवसर पर भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने प्रतिनिधियों विजय शर्मा एवं नवीन यादव के माध्यम से मंदिरों में विशेष पत्रक एवं भेंट सामग्री भिजवाकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राजगढ़ मण्डल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मंदिरों में संयोजकों के माध्यम से वितरित किया गया। इन संयोजकों में विजय समर्थलाल, प्रेमनाथ धामानी, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, पार्षद गौरव कसेरा, प्रमोद शर्मा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, शिंभू सैनी, मोहनलाल मीणा, गोपाल विजय, रश्मी विजय गौरीशंकर जांगिड़, उमेश मंडावरा, लोकेश रावत, प्रदीप मीना, नंदू सैनी, तुलसी शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को पत्रक वितरित कर गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व को बताया गया और भूपेंद्र यादव की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक समरसता, सेवा भावना और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश जनमानस तक पहुंचाया गया।



# गुरू पूर्णिमा पर आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम, गुरूओं का लिया आशीर्वाद

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे सहित आसपास के धार्मिक आस्था के स्थलों पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया गया। गुरू पूर्णिमा पर गुरूओं का आशीर्वाद लिया। वहीं शिष्यों ने श्रद्धा भाव से अपने गुरुओं का पूजन कर चरण वंदन किया और ज्ञान, सेवा व संस्कारों का आशीर्वाद प्राप्त किया। रामबाग के महामण्डलेश्वर पवन कुमार दास जी महाराज ठिकाना गंगाबाग ने बताया कि जैसे वृक्ष के लिए जल जरूरी है उसी प्रकार मनुष्य के लिए गुरु का होना आवश्यक है नहीं तो मानव जीवन पशु के समान है। अध्यात्म मार्ग में बिना गुरु के जीवन में ऊंचे नहीं उठ सकतें। इसलिए मनुष्य जीवन में गुरु होना जरूरी है। वहीं कस्बे के अवधूत दत्त आश्रम में श्रद्धालुओं ने टाट बाबा, स्वामी श्याम भारती और महंतों की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। हवन और महाआरती के बाद गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतारें देखी गईं। अवधूत आश्रम में बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्वालु पहुंचे। कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं कलेशान गांव में स्थित धार्मिक आस्था के केंद्र भुरासिद्व बाबा के स्थान पर पद दंगल व मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चों ने भाग लिया। वहीं कस्बे के निठारी वाले हनुमानजी, सिद्ध कुण्ड, बारह महादेव, भौरंगी धाम आदि जगह पर भजन, कीर्तन, दान पुण्य के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान भण्डारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

# डॉ. शानू यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास से अपना जन्मदिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ शानू यादव के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिवस मनाया ।क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में चारा एवं अन्य खाद्द सामग्री वितरित की । वहीं भारत विकास परिषद ने खोहर में एनीमिया जाँच शिविर लगाकर जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया । डॉ शानू यादव ने बताया की पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए जन्मदिवस कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य जनों को फलदार पौधों का वितरण किया गया ।वहीं बर्डोद कस्बे में एकता मंच द्वारा जन्मदिवस को नारी शक्ति को समर्पित करते हुए महिलाओं को सम्मानित कर उपहार भेंट किए गए । डॉ शानू यादव ने जन्मदिवस पर प्रेषित की गई शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूज्य उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद जी महाराज संघ के सानिध्य में नसिया जी में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया

**अलवर (का.स.)।** पूज्य उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद जी महाराज संघ के सानिध्य में नसिया जी में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्री संघ को गुरु पूर्णिमा के अवसर श्रद्धालुओं ने महाअर्घ चढाया। इस महाअर्घ चढ़ाने के अवसर पर सभी अध्यक्ष सकल जैन समाज द्वारा बच्चों महिला मंडल पुरुष वर्ग सारे महिला मंडल पुरुष वर्ग बढ़ चढ़कर भाग लिया गया उसके पश्चात विक्रम जी शास्त्री जो अलवर से पधारे हुए नवीन जी जैन कोटा द्वारा और संगीत भजन लहरियो के साथ उसके पश्चात उपाध्यक्ष श्री के मंगल प्रवचनों का लाभ मिला। ऐतिहासिक गुरु पूर्णिमा का महापर्व रहा जहां आयोजक श्री णमोकार उपासना वर्षा योग समिति श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी यह जानकारी संजय जैन बरवाड़ा सहसंयोजक णमोकार उपासना वर्षा योग समिति ने दी।



# श्रध्दा और समर्पण का पर्व गुरु पूर्णिमा संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरु पूर्णिमा जिसको व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है गुरूवार को यह पर्व गायत्री शक्तिपीठ उपजोंन अलवर पर हर्षोगास के साथ संपन्न हुआ। सुबह प्रातकाल 7 बजे गुरुदेव जी के एवं माता जी के चरण कमल का पांच द्रव्यों के साथ अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक गुरु महिमा का गुणगान भी किया। इसके पश्चात नो कुंडी यज्ञ शाला में गायत्री महायज्ञ श्री सतीश बढ़ाया श्री मुरारी लाल शर्मा एवं वादक शुभम शर्मा ने संचालन किया। गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित संस्कार संवर्धन अभियान को यज्ञ के साथ जोड़ा गया। आज एक अन्नप्राशन दो पुंसवन, एक विद्यारंभ तथा 16 श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र को गुरु मंत्र एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी को गुरु रूप में अंगीकार किया। इस अवसर पर श्री सतीश बड़ाया जी ने गायत्री महामंत्र के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर चर्चा की और बताया कि गायत्री मंत्र वर्तमान परिस्थितियों के परिशोधन के लिए महत्वपूर्ण है। गायत्री मंत्र के जाप से वैचारिक प्रदूषण के साथ.साथ पारिस्थितिक संतुलन भी होता है। गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति पर उपस्थित श्रद्धालुओं से पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प कराया गया तथा गायत्री शक्तिपीठ से विभिन्न प्रकार के वृक्ष भी रोपित करने के लिए दिए गए। गायत्री महामंत्र गायत्री यज्ञ के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद की व्यवस्था की गई आज तीन पारियों में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती डॉ सरोज गुप्ता जी ने सभी को व्यास पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं।



# लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स ने अपने सेवा क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायन साथी प्यारेलाल सैनी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर खेड़की रोड स्थित गोद लिए हुए शिव मंदिर में प्रसादम कार्यक्रम के तहत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन एमजेएफ लायन प्रमोद अग्रवाल ने संबोधित करते हुए उपस्थित समस्त जनों को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कोटि-कोटि शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह बहुत ही सुखद सहयोग है कि आज के ही पावन दिवस पर हमारे वरिष्ठ लायन साथी प्यारेलाल सैनी का जन्म दिवस है उन्हें भी शुभकामनाएं प्रेषित करता हुं। इस शानदार कार्यक्रम के संयोजक लायन मनोज अग्रवाल रहे द्यचार्टर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला, अध्यक्ष एमजेएफ दिनेश अग्रवाल, सचिव राहुल यादव, कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी, संदीप अग्रवाल, मुकेश यादव, राकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल,प्यारेलाल सैनी, डॉ वीरेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, राकेश गोयल, मेहुल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-2)



बढ़ता राजस्थान

एक बार ओजू से आपकू दिखा रहा हूं बिना मात्रा को शहर अलवर का नजारा। जी हां यहां काम धंधा ना के बराबर हैं और जमीन का भाव ऐसे बढ़ रहया हैं मानो दिल्ली या जयपुर **टराजस्थान पत्रिका** र दे रहया हों। अरे हां एक बात बताबा तो भूल ही गयो। या शहर कू तपोभूमि भी कहवें,यहां ऋ षि मुनिन ने तप कियो बतायो या मारे याकू तपोभूमि कहवें। यहां अलवर शहर में एक बाजार है जाको नाम है अण्डा वाली गली वहां हर सप्ताह एक पूरी अण्ड़ान की भरी हुई कैंट्रा आवे, इतना अण्ड़ा खा जावें तपोभूमि का भक्त लोग। या के अलावा ऐसो लगे कि रोज नौनवेज की कोई नई दुकान खुल री है। यहां काम ही दो प्रकार का चल रहा हैं एक तो कैफे . वामें कोई चाय कॉफी पीए ना पीए कोई नाय बस छोरा-छोरी न के बैठबा को और लेटबा को ठिकानों है। दूसरों काम कढ़ी कचौडी को धंधो भी जोरदार है सुबह आँख बाद में खुले आधो शहर कढ़ी कचौडी वालान के खड़ों मिल जाएगो सुबेरे सुबेरे। शहर का कई इलाकान में खुले आम जुँआ खिलाई जावे,,काई पुलिस को पतो नाय? ऐसो हो ही नाय सके , सब पतो है लेकिन सब मामलो सैट हैं। मंथली प्रसाद जो मिल जावे या मारे सब मौजा ही मौजा। भायलाओं कितना भी सब्जबाग दिखा लो सच्चाई या ही है कि कब तुम्हारे गुटका की पीक आके फिर जाए पतो भी नाय लगेगो। कोई मुकाबलो नाय बिना मात्रा का हमारा शहर को..खैर बाकि तीसरा पार्ट में.

रूपक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

# जिला कलक्टर की बसई में रात्रि चौपाल आयोजित

## आमजन के बीच पहुंचकर जाने उनकी समस्याएं, त्वरित निस्तारण के करें प्रयास : प्रियंका गोस्वामी

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में पंचायत समिति बहरोड़ की ग्राम पंचायत बसई में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। अटल सेवा केंद्र बसई में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीण परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। जिला कलक्टर ने एक-एक कर आत्मीयता पूर्वक ग्रामवासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार शीघ्रतापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जाने एवं त्वरित निस्तारण की गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करें।जिला कलेक्टर ने पीएचईडी एवं पंचायत विभाग को आपसी समन्वय से पेयजल समस्याओं के समाधान करने, विद्युत निगम को विद्युत के टूटे एवं तिरछे पोल्स सही करने, बजट के तहत भूमि आवंटन प्रक्रिया का फॉलो-अप करने एवं पुलिस विभाग को अवैध खनन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए.



## विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि चौपाल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, नि:शुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना, एकल नारी पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, रसद विभाग, शिक्षा विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की. चौपाल में भूमि विवाद, राजस्व, पेयजल, जलभराव, पेंशन, विद्युत, सड़क, अतिक्रमण, पुलिस, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न प्रकृति के परिवाद प्राप्त हुए। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं तहसीलदार अभिषेक यादव, नायब तहसीलदार गंडाला अजित यादव सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहें।

### जहां चरण हो प्रज्ञासागर के वहां मेरा ठिकाना हो

# भक्ति, समर्पण और संस्कार का पर्व : प्रज्ञालोक में गुरुपूर्णिमा महोत्सव संपन्न

### प्रज्ञासागर जी महाराज ने पिच्छी परिवर्तन कर गुरुपूर्णिमा को बनाया ऐतिहासिक



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रज्ञालोक,महावीर नगर प्रथम साधना केंद्र में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का दृश्य देखने को मिला। भक्तों ने दोनों हाथ जोड़कर उन्हें श्रीफल का रूप दिया और जीवनभर की आस्था का अर्घ्य चढ़ाकर तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी मुनिराज का पूजन किया। मंच से गूंजते भावपूर्ण भजनों 'गुरुवर तुमने जिंदगी में आकर जिंदगी बदल दी', 'हर जन्म में तेरा साथ चाहिए,चरण हो प्रज्ञासागर के वहां मेरा ठिकाना हो' जैसे गीतों पर श्रावक भाव विभोर होकर झूमते दिखे। इस अवसर पर जल, चंदन आदि अष्ट द्रव्यों से पूजन करते हुए पिच्छिका भेंट कर श्रद्धालुओं ने आरती की। गुरूपुर्णिमा पर गुरुदेव ने गुरुपूर्णिमा पर अपनी पिच्छी परिवर्तन की परंपरा निभाई। नवीन पिच्छी मोहनलाल, कैलाश, यतीश जैन (खेड़ावाला परिवार) द्वारा भेंट की गई।मंच संचालन अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने किया। प्रचार सचिव योगेश सिंघम ने बताया कि तपोभूमि प्रणेता एवं पर्यावरण संरक्षक आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज ने भगवान महावीर स्वामी और गौतम स्वामी के पावन गुरु-शिष्य संबंध की प्रेरक कथा सुनाते हुए श्रमण संस्कृति के प्रचारक आचार्य श्री शांतिसागर जी और पुष्पदंतसागर जी के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा— 'गुरुपूर्णिमा, गुरु और शिष्य के हृदय के एक हो जाने का पर्व है। जब दोनों की धड़कनें एक हो जाएं, वहीं सच्चा गुरुपूर्णिमा होता है।'

#### गुरुभक्तों ने जताया आभार

समारोह में गुरू आस्था परिवार चैयरमेन यतीश जैन ने गुरुदेव को विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा, गुरुदेव ने हमारे जीवन से व्यसन और बुराइयों रूपी कांटे हटाकर धर्म और संस्कार का बीज रोपा है। जिस तरह पौधरोपण से भूमि को सुंदर और स्वच्छ किया जाता है, वैसे ही उन्होंने हमारे अंत:करण को निर्मल किया है। उन्होंने बताया कि गुरुदेव का संकल्प है एक करोड़ पौधे लगाकर पृथ्वी को हरा-भरा बनाना। इस संकल्प की पूर्ति हेतु हजारों गुरुभक्त सहभागी बन रहे हैं।

#### यह रहे पुण्यार्जक श्रद्धालु

गुरू आस्था परिवार के महामंत्री नवीन दौराया ने बताया कि गौतमस्वामी चरण स्थापनाः मधुसूदन जैन, कोटा,आचार्य श्री शांतिसागर चरण स्थापनाः विक्रम भाई, पारुल भाई, अहमदाबाद,पुष्पदंतसागर चरण स्थापनाः संजय व शालिनी जैन, मुंबई,पादप्रक्षालनः मदनभाई, रूपेण भाई, बड़ौदा शास्त्र विराजमान कर्ताः दिनेश, महेश व सारिका जैन, उज्जैन,महाआरती पुण्यार्जकः कमला देवी, लोकेश व दीप्ति जैन (सीसवाली परिवार, कोटा),पिच्छिका भेंटकर्ता परिवार,मोहनलाल ,कैलाश जी,यतीश जी जैन खेड़ा वाला परिवार, कोटा,पुरानी पिच्छिका प्राप्त कर्ता,विजय भाई भानेज परिवार, इंदौर रहे।

## एसी यूनिट कॉँपर के पाइप और कम्प्रेसर चोरी की घटना का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** पुलिस ने पन्नालाल चौराहा के समीप पुलिस चौकी के पास में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी किए गए एसी यूनिट कॉँपर के पाइप और कम्प्रेसर बरामद किए हैं। ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया की मंगलवार 08. जुलाई को फरियादी जुनैद पुत्र सिद्दीक निवासी हनुवतखेड़ा रोड द्वारा स्वंय की दुकान से रविवार 06.जुलाई को रात्रि के समय कॉपर के पाइप और कम्प्रेसर को अज्ञात व्यकित चुराकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसमें थाना रामगंजमडी द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुये आरोपी युसुफ व सोनु को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से चोरी किए गए एसी यूनिट कॉँपर के पाइप और कम्प्रेसर बरामद किए हैं। फरियादी जुनैद ने बताया कि हनुवतखेड़ा रोड का रहने वाला हूं मेरी दुकान पन्नालाल चौराहा पर फ्रिज वाशिंग मशीन व सर्विस सेंटर की दुकान है जिसको मै कल दिनांक 06.07.2025 रात्रि 10 बजे दुकान बंद करके घर आया था और सुबह जब दुकान पर पहुँचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला तथा पूरा सामान बिखरा मिला देखा तो कॉपर के पाइप और कम्प्रेसर को लेकर चले गए पता नही कौन अज्ञात व्यक्ति रात्रि मे चुरा कर ले गया इस संबंध मे थाना में रिपोर्ट दी इस के बाद पुलिस ने मामला संज्ञान मे लेकर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई । थानाधिकारी रामगंजमण्डी मनोज सिंह सिकरवार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा उक्त टीम द्वारा कस्बा रामगजमंडी सीसीटीवी फुटेज, आसुचना तंत्र से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आरोपी सोनु वर्मा पुत्र कंवरलाल जाति मेघवाल उम्र 31 साल निवासी यादव मोहल्ला व युसुफ पुत्र मोबिन खान ऊर्फ भुरिया निवासी मण्डी पाडा बोरखेडा थाना बोरखेडा हाल द्वारका कॉलोनी को गिरफ्तार कर पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी किए गए एसी यूनिट कॉँपर के पाइप को बरामद किए हैं।

## रेलवे बोर्ड से वेस्ट सेंटर रेलवे यूनियन को बड़ी राहत, जोनल व मंडल मुख्यालयों में कार्यालय, आवास की सुविधा बहाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** मान्यता चुनाव के पश्चात रेलवे बोर्ड के ताजा आदेश से बड़ी राहत मिली है। मान्यता प्राप्त फेडरेशन से सम्बद्ध जोनल व मंडल में ट्रेड यूनियनों के साथ-साथ क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों (सीएलडब्ल्यू और आरसीएफ) की अन्य मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों को क्षेत्रीय और मंडल स्तर पर कार्यालय आवास सहित सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। इस आदेश के बाद पश्चिम मध्य रेलवे में वेस्ट सेंट्रल एम्पलाइज यूनियन को राहत मिली है। डब्लूसीआरई के कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने बताया किएआईआरएफ के सहायक महामंत्री एवम डब्लूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव के प्रयास के फलस्वरूप डबलूसीआरईयू को अब पमरे मुख्यालय के साथ-साथ तीनों मंडलों में कार्यालय, आवास सहित अन्य सुविधाएं व राहत प्रदान की गई है। रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2025 को जारी पत्र में कहा गया है कि दो मान्यता प्राप्त महासंघों अर्थात् एआईआरएफ और एनएफआईआर ने यह अभ्यावेदन किया है कि उन्हें महासंघ/संघ से संबंधित कार्य करने के लिए सभी क्षेत्रों और प्रभागों में कार्यालय की सुविधा प्रदान की जा सकती है। रेलवे बोर्ड ने विचार कर लिया ये निर्णय रेलवे बोर्ड कार्यालय में इस मामले पर विचार कर यह निर्णय लिया गया है कि मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों और मान्यता प्राप्त फेडरेशनों के सहयोगियों अर्थात एआईआरएफ और एनएफआईआर को सभी जोनों/डिवीजनों में उपयुक्त कार्यालय आवास उपलब्ध कराया जाए, जहां उन्हें पहले से उपलब्ध नहीं कराया गया है, ताकि वे लागू किराया/प्रभार के आधार पर कर्मचारी मामलों तक सीमित यूनियनों/फेडरेशन के कार्य को करने में सक्षम हो सकें।

## नान्ता में बिरला ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

### 2 वर्ष से भी अधिक समय से लोकार्पण की बाट जो रहे थे क्षेत्रवासी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** करीब 25000 से अधिक आबादी वाले नदी पार के नान्ता इलाके के लोगों के लिए अब नया सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो गया। मुख्य रोड पर स्थित दो करोड 13 लाख रुपए की लागत से तैयार हुआ यह क्या भवन लोकार्पण की बात जो रहा था स्थानीय निवासियों में जागरूक लोगों द्वारा इस विषय में प्रशासन माननीय ओम बिरला के कार्यालय तक अपनी ग्वार लगे लोकसभा अध्यक्ष ने सभी तकनीकी खामियों को दूर करवाते हुए गुरुवार को सुबह 11ः00 बजे इस भवन का लोकार्पण कर दिया। यूआईटी द्वारा इस भवन का नाम कारण भी कर दिया गया है अब इसका नाम सावित्रीबाई फुले सामुदायिक भवन रखा गया है। लोकार्पण के इस कार्यक्रम की तैयारीयो को देखते ही स्थानीय निवासियों सरकार का धन्यवाद देना शुरू कर दिया लोगों की खुशी का अंडा जैसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके पर खड़ी 2000 की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अब गरीब कच्ची बस्ती के लोगों को शादी समारोह सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए बहुत ही कम रिजनेबल रेट पर उपलब्ध करवाया जायेगा। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरु पूर्णिमा पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज गुरु वंदन का दिन है। गुरुओं को नमन करने का दिन है, यह भवन सावित्रीबाई फुले के नाम पर तैयार हुआ है। सावित्रीबाई का योगदान ऐसा है कि जब समाज में महिलाओं को पढ़ाई के लिए रूढ़िवादी लोग रोकते थे।

## डाक विभाग की सुकन्या योजना शिविर में उमड़ी भीड़, बेटियों के भविष्य को लेकर दिखा उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा नगर निगम कोटा दक्षिण वार्ड 47 में स्थित पार्षद सलीना शेरी के कार्यालय गुलशन मस्जिद के नीचे, बकरा मंडी, साजी देहड़ा पर डाक विभाग द्वारा एक दिवसीय सुकन्या समृद्धि योजना एवं बचत खाता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी बच्चियों के नाम सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया पार्षद सलीना शेरी ने जानकारी दी कि सुकन्या समृद्धि योजनाः सुरक्षित भविष्य की ओर कदम सुकन्या समृद्धि योजना केंद्र सरकार की एक लाभकारी और टैक्स-फ्री योजना है, जो विशेष रूप से 10 साल से कम आयु की बच्चियों के लिए बनाई गई है। योजना में 250 से खाता खोलकर 1.5 लाख प्रतिवर्ष तक निवेश किया जा सकता है और परिपक्वता पर ब्याज दर 8.2प्रतिशत के साथ बेटियों की शिक्षा और विवाह हेतु एक बड़ा कोष तैयार होता है। इस अवसर पर पार्षद सलीना शेरी ने कहा यह योजना बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि हर परिवार अपनी बेटी के लिए यह खाता जरूर खोले और उन्हें आत्मनिर्भर बनाए। यह सिर्फ खाता नहीं, बल्कि एक सशक्त सोच है।

## गुरु पूर्णिमा पर कोटा में हुआ साधु-संतों का सम्मान

### मौजी बाबा आश्रम की साध्वी हेमा सरस्वती जी का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान

### मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया गुरु वंदन संदेश देने पहुंचे कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया मौजी बाबा आश्रम पहुंचे और वहां साध्वी हेमा सरस्वती जी का सम्मान किया। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा भेजा गया गुरु वंदन संदेश, 2100 रूपये, मिठाई, फलों का टोकरा, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर साध्वी हेमा सरस्वती जी का सम्मान किया। साध्वी हेमा सरस्वती जी ने आशीर्वाद स्वरूप जिला कलक्टर को माला पहनाई और प्रसाद भेंट किया। गुरु पूर्णिमा पर कोटा संभाग में 43 संतों का सम्मान किया गया। इसमें कोटा जिले के 14, बूंदी के 6, बारां के 13 एवं झालावाड़ के 10 संतों-साध्वियों को गुरु वंदन संदेश भेंटकर उनका सम्मान किया गया। कोटा जिले में साध्वी हेमा सरस्वती जी के अलावा हरे कृष्ण मंदिर मुकुंदरा विहार के संत भक्त श्री सेवकदास, कबीर पारख संस्थान विनोबा भावे नगर के सद्गुरु श्री प्रभाकर साहेब, शिवपुरी धाम थेकड़ा के सनातन पुरी महाराज, श्री महाप्रभुजी मंदिर पाटनपोल के श्री गोस्वामी विनय बाबा, श्री कार्ष्णि भरत जी महाराज बापू नगर कोटा जंक्शन, पंडित श्री प्रदीप जोशी रामपुरा कोतवाली, गोदावरी धाम के श्री शैलेन्द्र भार्गव, अटपटा महादेव आश्रम रंगपुर रोड़ के श्री श्री 1008 नरसिंह जी महाराज, महाकाल मंदिर चेचट के श्री आनंदगिरी जी महाराज, लटूरी गौशाला सांगोद के श्री रामदास जी महाराज, महादेव जी की बगीची चारचौमा के श्री बालकदास जी महाराज, बारला हनुमान जी करवाड़ के श्री सोमपुरी जी महाराज एवं मठ महादेव कोलाना के महंत श्री चतुर्भुजनाथ गिरी महाराज जी का राज्य सरकार की ओर से विभिन्न अधिकारियों ने सम्मान किया और मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया गुरु वंदन संदेश भेंट किया।

## कांग्रेस पार्षदों का अनोखा प्रदर्शन 'भिक्षा यज्ञ', जनता से जुटाया चंदा

### निगम प्रशासन द्वारा पक्षपात का आरोप लगाते हुए विरोध के चौथे दिन सड़कों पर उतरे कांग्रेसी पार्षद।




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** गुरुवार को नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों ने उपमहापौर श्री पवन मीणा के नेतृत्व में निगम प्रशासन की पक्षपाती नीतियों के खिलाफ एक अनोखा और सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। गुमानपुरा स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा से 'भिक्षा यज्ञ' के रूप मे निगम पार्षदों ने दुकानदारों से कोटा के विकास के लिए चांदी के रूप में भिक्षा मांगी पार्षदों का कहना था कि नगर निगम द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। विकास के लिए जनता के सामने आना पड़ रहा है। पार्षदों ने हाथों में दान पात्र लेकर बाज़ार के दुकानदारों से संपर्क किया, उनकी समस्याएं बताईं और बताया कि किस प्रकार बीजेपी शासित नगर निगम कांग्रेस पार्षदों के क्षेत्रों में विकास कार्यों को रोककर राजनीतिक द्वेष दिखा रहा है। इस आंदोलन में पार्षद सोनू अब्बासी के संचालन में पूरा दल वार्ड भ्रमण पर निकला। दुकानों से चंदा एकत्र कर ?1865/- की राशि संग्रहित की गई, जिसे 11 जुलाई को नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में जमा कराया जाएगा। पवन मीणा ने कहा की हमारा यह आंदोलन उस विकास का प्रतीक है जो जनता का अधिकार है। जब निगम और सत्ता पक्ष आंखें मूंद ले, तब हमें जनता की आवाज़ बनना पड़ता है। इस अवसर पर पार्षद सलिना शेरी, कपिल शर्मा, अनुराग गौतम, सुमन पेसवानी, पिंकी प्रजापति, मोनिका विजय, तबस्सुम मिर्ज़ा, सायना घोसी, प्रफुल्ल पाठक, सोनू भील, कुलदीप प्रजापति, दीपक वर्मा, कुलदीप गौतम, अंशु श्रंगी, धनराज चेची, मोहन नंदवाना, शालिनी गौतम, मनोज गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, इसरार मोहम्मद, देवेश तिवारी, नवीन यादव। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रमोद त्रिपाठी, अशोक गुर्जर, दिनेश गुप्ता, चेतन यादव, शिवप्रकाश नागर ने भी भागीदारी दी। पार्षद देवेश तिवारी ने स्पष्ट कहा की कांग्रेस पार्षदों की जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलता रहेगा।

## कोटा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम का होगा जीर्णोद्वार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में वृक्षारोपण किया एवं वहां की समस्याएं सुनि इस दौरान साथ केडीए के आयुक्त हरफूल यादव,सचिव कौशल कोठारी मुख्य अभियंता रविन्द्र माथुर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पंकज कुशवाह निगम दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल,आयुक्त अनुराग भार्गव, उपायुक्त महेश गोयल, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कुरैशी साथ थे ध्यानचंद स्टेडियम से जुड़े सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे आसपास की कॉलोनी वासियों ने लोक सभा अध्यक्ष को समस्याएं बताई । कार्यक्रम उपरान्त मेजर ध्यानचन्द विकास समिति द्वारा स्टेडियम में कई महत्वपूर्ण कार्य कराये जाने हेतु ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें मुख्यतया स्टेडियम में स्थित बैडमिन्टन हॉल के पूर्ण रिनोवेशन, योगाशेड निर्माण, मंदिर के ऊपर छत, ओपन जिम कवर, आमजन के भ्रमण हेतु सिंथेटिक ट्रेक, हरियाली एवं चौकीदार हट आदि के कार्य करवाये जाने हेतु आग्रह किया साथ ही उक्त स्टेडियम के रख रखाव हेतु वार्षिक दर पर कार्य करने हेतु कहा गया। माननीय ओम बिरला जी द्वारा मौके पर कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को उक्त कार्य करवाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

## गुरु पूर्णिमा पर कांग्रेस नेताओं ने किए धार्मिक स्थलों के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी मे गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीणा 'गुड्डू' ने शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की। तीनों नेता सबसे पहले गायत्री मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर नगरवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात वे प्रसिद्ध बंदा बालाजी महाराज मंदिर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने पीतांबर महाराज के सान्निध्य में पहुंचकर गुरु परंपरा को नमन किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पवन बाबेल ने गायत्री मंदिर परिसर में चल रहे नेत्रदान व देहदान संकल्प अभियान में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पुनीत कार्य समाज में एक नई चेतना और सेवा भाव को जन्म देता है। कार्यक्रम के दौरान योगेश दलाल, श्याम आचार्य, बंटी शर्मा और धर्मेंद्र जादौन सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# शिक्षा के अधिकार की मूल भावना पर सवाल उठाते महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल

## एसडीएमसी समिति के फैसले का हवाला देकर 700 की जगह वसूले जा रहे 4 हजार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गरीबों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए लिए स्थापित किए गए राजकीय महात्मा गांधी स्कूलों मे किस तरह से परिवार के बच्चों को प्रताड़ित किया जाता है उसका उदाहरण कोटा के सबसे बड़े राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मल्टीपर्पज स्कूल मे देखने को मिला है। 'बढ़ता राजस्थान' मे 10-07-2025 को प्रमुखता से प्रकाशित 'महात्मा गांधी स्कूल में मनमानी फीस वसूली' शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर अब देखने को मिला है। स्कूल मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कमेटी के फेसले के विरोध में कुछ अभिभावको ने ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज कर दी है।

नियम विरूद्ध फीस वसूली पर स्कूल प्रशासन का कहना है की एसडीएमसी समिति का प्रस्ताव है। हम क्या करे।

हकीकत-चहेतों को मिलती है समिति में जगह, दो साल से चुनाव तक नहीं

समिति के रजिस्टर में 11 /05/ 2025 को मीटिंग होना बताया है जिसमें समिति सदस्यों के तो नाम है लेकिन हस्ताक्षर किसी के नहीं।

### स्कूल प्रशासन का बेतुका बयान

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह क्षेत्र व शिक्षा नगरी कोटा के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम मल्टीपर्पज स्कूल में विद्यार्थियों से नियम विरूद्ध फीस वसूलने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। यहां स्कूल प्रशासन द्वारा विकास व अन्य शुल्क के नाम पर 4 हजार रूपए प्रति स्टूडेंट वसूलने का मामला उजागर होने के बाद अब स्कूल प्रशासन का बेतुका बयान सामने आया है। स्कूल के प्रिंसीपल राहुल शर्मा ने कहा कि फीस निर्धारण का कार्य स्कूल की एसडीएमसी समिति ने 2023 में एक प्रस्ताव पारित कर लिया था, जिसमें 9वीं और 10वीं की फीस 3765 तथा 11वीं-12वीं की फीस सामान्य वर्ग के लिए 4215 तक तय कर दी थी। यह प्रस्ताव आज भी लागू है, जबकि हकीकत यह है कि दो साल से समिति में न तो कोई बदलाव हुआ है और न ही इस प्रस्ताव की पुनर्समीक्षा की गई है। सूत्रों की माने तो इस समिति में उन लोगों को जगह दी गई है जो स्कूल प्रशासन के खिलाफ नहीं बोलते।


कोटा में सरकारी स्कूल में विकास शुल्क के नाम पर लूट

महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में मनमानी वसूली, नर्सरी से 12वीं तक 2200 से 4225 तक वसूले जा रहे रुपए

कोटा के सबसे बड़े सरकारी स्कूल की कार्यप्रणाली पर सवाल, जांच की उठी मांग

राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत, जयपुर में ज्ञापन की तैयारी

इनका कहना

समिति अध्यक्ष के इस बयान ने प्राइवेट स्कूलों में भी पैसा देते है तो सरकारी में क्यों नहीं।

हालांकि समिति अध्यक्ष के बयान के बाद अभिभावकों ने भी कड़ी निंदा की है।

महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) मल्टीपर्पज स्कूल में समिति द्वारा तय की गई

मनमानी फीस ने गरीब और मध्यमवर्गीय अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 9 और 10 के लिए 665 रुपये और कक्षा 11 और 12 के लिए अधिकतम 715 रुपये तक फीस निर्धारित की गई है, लेकिन स्कूलों में इससे कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है।

### स्कूल प्रशासन की कार्यशैली पर उठाए सवाल, जांच की मांग

सामाजिक कार्यकर्ता अनूप गौतम ने इस मामले में सीएमओ को शिकातय भेजकर मल्टीपरपज स्कूल प्रशासन की कार्यशैली की निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, एडवोकेट मनीष गुर्जर ने बताया कि नियम विपरीत फीस वसूली सरासर अनुचित है। इस मामले में जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी को भी ज्ञापन देंगे।

### फीस निर्धारण:गाइडलाइन बनाम जमीनी हकीकत

9-10 665 वसूली 3765, कक्षा 11-12 (जनरल) 715 वसूली 4215

,11 वी 12 वीं के प्रैक्टिकल प्रति विषय 100 अलग से वसूला जा रहा है ।

### शिक्षा विभाग की गाइडलाइन से उलट वसूल

राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन में कक्षा 9-10 की अधिकतम फीस 665 तय की गई है जिसमें,ष्टक्क 50, स्काउट 5, विकास शुल्क 400 और स्टूडेंट फंड 200 शामिल है। वहीं कक्षा 11-12 के लिए स्टूडेंट फंड 300 (अन्य वर्ग 150), स्काउट 5, विकास शुल्क 400 मिलाकर 715 तय है। इसके अतिरिक्त केवल प्रैक्टिकल विषय होने पर प्रति विषय ?100 की सरकारी शुल्क देनी होती है। इसके विपरीत, एमजीजीएस मल्टीपर्पज स्कूल में कक्षा 9-10 के लिए 3765 और कक्षा 11-12 के लिए 4215 वसूले जा रहे हैं। आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों से भी ?3665 तक की फीस ली जा रही है।

### एक्सपर्ट व्यू

शिक्षाविद् डॉ. के.एल. शर्मा के अनुसार, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिलना चाहिए। इस तरह की अतिरिक्त फीस शिक्षा को व्यापार बना रही है, जो कि सरकार की नीति और संविधान की भावना के विपरीत है।

## 63वे स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण,351 पौधे लगाने का रखा लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस पर स्थानीय शाखा की ओर से पशु चिकित्सालय व सीबीईओ कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। भारत माता स्वामी विवेकानंद एवं भारत विकास परिषद के संस्थापक दो सूरज प्रकाश के व्यक्ति चित्रों के सम्मुख दीप प्रजूल्हित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्थानीय शाखा सचिव डॉ विजय पहाड़िया ने बताया की इस वर्ष 351 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें शीशम, अशोक, नीम, गुडहल, गुलमोहर, कदम, श्यामा, कण्डेर, बेर, आदि के पौधे रोपित किए जायेंगे। इस अवसर पर नीरज शर्मा, नवीन मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा, सूरज जिंदल, चंद्रप्रकाश आर्य, प्रकाश चंद जैमन, वेदप्रकाश, भगवानसिंह, निक्कू सोनी, शिवसिंह, चंद्रशेखर, गीता, उपेन्द्र, लोकेश, निरंजन, आदि उपस्थित रहे।

## हर्ष उल्हास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व संपन्न

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार 10 जुलाई को उपखंड क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ बनाया गया क्षेत्र के विभिन्न मंदिर और आश्रमों में शिष्यों ने अपने गुरुओं के चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया गुरुओं ने शिष्यों को जीवन में सत्य सेवा और संघर्ष के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया जहां गुरु शिष्य परंपरा का निर्वाह करते हुए गुरु का आशीष पाने के लिए लोगों का ताता लगा रहा।

## गुरु पूर्णिमा पर आश्रमों में उमड़ी भीड़ः शिष्यों ने लिया गुरु आशीर्वाद, भंडारे में ली प्रसादी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न आश्रमों में भंडारे और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किए गए। राम दरबार बामणी नदी आश्रम में संत बनवारी दास ने भंडारे का आयोजन किया। तुलसी वन रोड स्थित मानस भवन बमबम बाबा आश्रम में भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कांग्रेस जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे ने गुरु के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। बमबम बाबा आश्रम में दो दिनों से चल रही तैयारियों के बाद शहर और बाहरी क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। अखंड रामायण पाठ की महा आरती के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। नए शिष्यों ने गुरु दक्षिणा अर्पित की। अग्रवाल धर्मशाला में आचार्य नरेंद्र शास्त्री ने गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य मिलन का विशेष दिन है। इस दिन शिष्यों को शिक्षा दी जाती है और जीवन को सफल बनाने के लिए नए शिष्यों को गुरु मंत्र दिया जाता है। शहर के अन्य संत आश्रमों, मंदिरों और गुरु स्थानों पर भी गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किए गए। भंडारे और गुरु आशीर्वाद कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चलने की योजना है।

## भिनाय,अतिवृष्टि से पंप हाउस की सप्लाई मोटर डूबी पानी में

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर( घनश्याम दास)।** भिनाय उपखंड मुख्यालय पर स्थित बीसलपुर का पम्प हाउस में मूसलाधार बारिश से पानी भर जाने के कारण बिजयनगर ,भिनाय, बांदनवाड़ा व मसूदा को जलापूर्ति करने वाली सभी मोटर पानी मे डुब गई । रात्रि को मोटर डुबने की सूचना मिलते ही सहायक अभियंता सागर शर्मा व कनिष्ठ अभियंता ठेकेदार कर्मियों के साथ तत्काल मौके पर पहुचे । बिजली नही होने के कारण ट्रैक्टर पर लगे पंखे से मोटर चलाकर पानी बाहर निकाला गया। दोपहर तक पानी निकलने के बाद अधिकारियों ने ठेकेदार की मदद से सभी विद्युत मोटरों को खोलकर बाहर निकाला व वार्निश पिलाकर सुखाया गया । सहायक अभियंता सागर शर्मा ने बताया कि दो दिन तक बिजयनगर ,भिनाय ,बांदनवाड़ा व मसूदा की जलापूर्ति बाधित रहेगी । उन्होंने ग्रामीणों से मितव्यता के साथ पानी खर्च करने की अपील की ।

## धर्म, संस्कृति और संत परंपरा के प्रति समर्पित है मंत्री सुरेश सिंह रावत का व्यक्तित्व - गुरु पूर्णिमा पर संतों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

अजमेर(घनश्याम दास)। अजमेर के धार्मिक तीर्थ नगरी पुष्कर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित विविध धार्मिक आयोजनों की कड़ी में आज तीर्थराज पुष्कर में जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत ने संतजनों का विधिवत पूजन और सम्मान कर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दिया।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश लेकर पहुंचे मंत्री श्री रावत ने कहा - सनातन की रक्षा करने वाले संतों का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यही हमारे संस्कारों की पहचान है। मंत्री श्री रावत ने बताया कि वर्तमान समय में जब विश्व भौतिकता की ओर अग्रसर है, ऐसे में संत समाज ही सनातन परंपरा, संस्कृति और मूल्यों की रक्षा कर रहा है। उनका मार्गदर्शन समाज के लिए दीपस्तंभ है।



### धर्मनिष्ठ एवं संस्कृति अनुरागी जनसेवक

मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत न केवल एक कुशल जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि वे गहराई से धर्म, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के अनुयायी भी हैं। पुष्कर जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए, वे निरंतर संत समाज के सान्निध्य में रहते हैं और सनातन मूल्यों को समाज में प्रसारित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

गुरु पूर्णिमा के दिन उनका संतों के चरणों में उपस्थित होना, मुख्यमंत्री का संदेश पहुंचाना और पुष्कर के विख्यात दिव्य संतों का आत्मीय सम्मान करना उनके संस्कारशील एवं ऋषि परंपरा के प्रति समर्पित मन का परिचायक है।

### संतो का किया सम्मान ः

तीर्थराज पुष्कर में संत श्री सुदर्शन दास महाराज (हनुमान गढ़ी), श्री नंदशरण राम महाराज (रामसखा आश्रम), श्री भगवानदास महाराज (गुलाब दास आश्रम), श्री हनुमाना राम महाराज (उदासीन आश्रम), श्री मधुसूदन दास महाराज (दादू दयाल वामदेव आश्रम), श्री अभीराम दास महाराज (गीता आश्रम), श्री सांवरा महाराज (रावत मंदिर) सहित अनेक संतों का मंत्री रावत ने माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ा और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर कमल पाठक, अरुण वैष्णव, पुष्कर नारायण भाटी, भुवनेश पाठक, घनश्याम भाटी, धीरज जादम, अशोक पाराशर, अंशुमान पाराशर, धर्मेंद्र नागोरा, कमल रामावत, लक्ष्मी पाराशर, सुमन कुमावत, मोहन सिंह रावत, बने सिंह रावत, कमल सिंह रावत, हरिशंकर चौहान, मदन सांखला, सुरेश नागोरा, दामु पाराशर, लक्ष्मीकांत गौड़ सहित भाजपा के पदाधिकारी, संत अनुयायी, गणमान्य नागरिक, और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का उपमुख्यमंत्री के ओ एस डी द्वारा औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा के निर्देशन में ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा सेक्टर 13 में नव निर्माणधीन आयुर्वेद महाविद्यालय भवन का अवलोकन कर प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा सेवा संबंधी संचालित सेवा प्रकल्पों की जानकारी ली। सेक्टर 13 में आयुर्वेद महाविद्यालय के नव निर्माणधीन भवन के पूरे बनने के अंतिम निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने एवं महाविद्यालय संचालन हेतु शेष निर्माण कार्य के बारे में संबंधित ठेकेदार को प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह की मौजूदगी में ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ राजेश भारद्वाज द्वारा जिला आयुर्वेद



चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म, बालरोग, योग प्राकृतिक,शल्य चिकित्सा, स्त्री एवं प्रसूति संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं चिकित्सालय के अंतरंग आतुरालय में भर्ती रोगियों से मुलाकात कर हाल-चाल जाने। डॉ भारद्वाज द्वारा औषधीय लेपों से उपचार करा रहे रोगियों को लेप से मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा विभिन्न रोगों से पीड़ित रोगियों को मिल रहे उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह डॉ चन्द्र प्रकाश गुणावत डॉ राकेश वर्मा डॉ अरविन्द शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ श्यामवीर घुरैया डॉ मनीषा गुर्जर डॉ मोहन स्वरूप शर्मा सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ओ एस डी डॉ राजेश भारद्वाज का साफ़ा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। डॉ भारद्वाज द्वारा वर्तमान भवन में चल रहे राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का भी अवलोकन कर आवश्यक जानकारी लेते हुए सुधार संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अध्यनरत छात्र छात्राओं को समय पर सिलेबस के अनुसार पढ़ाई एवं प्रेक्टिकल कोर्स पूरा करवाए जाने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### सांसद से की पुलिया निर्माण की मांग

## एनएच-11बी उर्मिला सागर बांध पर पुलिया निर्माण को लेकर जिला महिला कांग्रेस सेवादल ने सांसद को दिया प्रार्थना पत्र

### .सांसद भजन लाल जाटव ने नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग का किया निरीक्षण, निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल व खराब गुणवत्ता वाले कामों पर जताई नाराजगी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सांसद भजनलाल जाटव धौलपुर पहुंचने के बाद सुबह लगभग 10.30 बजे धौलपुर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंच गए थे। उनके साथ अन्य कांग्रेसी नेता व समर्थक मौजूद रहे। सांसद भजनलाल जाटव ने निरीक्षण के दौरान मौके पर ठेकेदार के इंजीनियर से नवनिर्मित बिल्डिंग के ब्लू प्रिंट को देखकर सवालों की झड़ी लगा दी। बिल्डिंग की बीम, कॉलम, फर्श लेवलिंग से लेकर स्टील रेलिंग फेमिंग की मजबूती पर सवाल खड़े किए। सांसद ने स्वंय फीता डालकर पिलर की चौड़ाई मापी। सांसद को करोड़ों रुपए की बिल्डिंग में फर्श लेवलिंग के काम में कमियां नजर आई। इसके अलावा सांसद को यात्रियों के प्रथम तक पर जाने के लिए बनाई गई सीढ़ीयों के फुट रेस्ट की चौड़ाई भी कम नजर आई, उनका मत था कि ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में यात्री का सीढ़ीयों पर पैर मुड़ सकता है या नियंत्रण खोने की स्थिति में गंभीर रुप से चोटिल भी हो सकते है। इसके बाद सांसद ने बिल्डिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद कमरों में सेनेटरी कार्य व विद्युत कार्य पूरा नही होने पर आपत्ति व्यक्त की और ठेकेदार के काम पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया इस मौके पर सांसद ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि धौलपुर स्टेशन के विकास निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि भारत सरकार स्टेशन को आधुनिक और यात्रियों के लिए सुविधायुक्त बनाने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है। यह जनता का पैसा है, जिसका सदुपयोग होना चाहिए। स्टेशन बिल्डिंग के कार्य की गुणवत्ता में जितनी भी खामियां मिली है, उनकी रेल मंत्री से शिकायत करुंगा। रेल मंत्री के पिता गोलोकवासी हो गए है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं समर्पित है। स्टेशन के निरीक्षण के बाद सांसद भजनलाल जाटव ने सर्किट हाउस में अपने जिले के कांग्रेस पद अधिकारियों कांग्रेस जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ,जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे, दिनेश जैन, शिबू लोधा, लोकेंद्र ,बनवारी लाल जाटव, रामहेत कुशवाह ,समृद्धि दीक्षित, शबनम खान महिला जिला अध्यक्ष, वैजयंती जाटव, पिंकी, नईम खान मंडल अध्यक्ष, साइना बाड़ी नगर अध्यक्ष सैफ सईद खान, रामेंद्र मीणा ब्लॉक अध्यक्ष बाड़ी, अनिल अरेला, और आमजन से मुलाकात की और मुलाकात करने आए लोगों की शिकायत पर सुनवाई भी की।

## आम रास्ते पर था कब्जा, नप ने 227 फीट की दीवार व मुख्य गेट तोड़कर खुलवाया

### तोप तिराहे पर जर्जर 16 दुकान ध्वस्त, नाले के ऊपर से हटाया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** गुरुवार को नगर परिषद का अतिक्रमण अभियान फिर से गति पकड़ गया। जिसे देखकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। बीते काफी दिन से नगर परिषद का अतिक्रमण अभियान सुस्त पड़ा हुआ था, लेकिन नगर परिषद ने बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कीं इसकी चर्चा सोशल मीडिया से लेकर लोगों की बातों तक में सुनाई दे रही है।नगर परिषद की टीम आयुक्त अशोक शर्मा के नेतृत्व में सबसे पहले सैंपऊ रोड स्थित लाठ वाले हनुमान जी मंदिर पर पहुंची। मंदिर के पीछे कई बीघा में फैली रजिस्टर्ड श्रीराम सिटी कॉलोनी के खिलाफ नगर परिषद ने कार्रवाई की। आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि कॉलोनाइजर ने पचगांव की ओर से आने वाली उर्मिला सागर नहर के 30 फिट बफर जोन और लोगों के 70 फीट के आम रास्ते पर कब्जा कर रखा था। जिसकी मंजूरी नहीं थी। कब्जे की शिकायत नगर परिषद को प्राप्त हुई थी। जिसका गंभीरता से संज्ञान लेकर व राजस्व अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। कॉलोनी



की 227 फिट बाउंड्रीवॉल और दोनों ओर के मुख्य गेट उखाड़ दिए गए। इस कार्रवाई के बाद रुंध गांव के निवासियों को सैंपऊ रोड के लिए एक नया लिंक रोड मिल गया है।जिसकी वजह से मार्ग की लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी घट कर कम हो गई है। पहले लोगों को पचगांव से घूम कर आना पड़ता था, रेलवे पुलिया के नीचे से निकलना पड़ता था। बारिश के कारण पुलिया के नीचे पानी भर गया है। जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। नगर परिषद की कार्रवाई से लोगों के लिए सहुलियत बढ़ गई है। कॉलोनी में अतिक्रमण मुक्त कराए गए आम रास्ते पर नगर परिषद जल्द साइनेज बोर्ड भी लगवाएगी। इसके अलावा नगर परिषद ने शहर में ओर भी अतिक्रमण चिन्हित किए है। जिनके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। श्रीराम सिटी कॉलोनी पर कार्रवाई के बाद नगर परिषद की जेसीबी ने तोप तिराहे का रुख किया। जहां नगर परिषद की नीलाम 16 आवंटित जर्जर दुकानों को ध्वस्त किया गया। आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि यह दुकान गिरासू हालात में थी। एक माह पहले नगर परिषद ने दुकानों को खाली करा लिया था। सभी दुकानों को दुबारा से बनवाकर व रिपेयरिंग कराकर इन दुकानों को पुन: नीलाम किया जाएगा। जिससे नगर परिषद को अच्छा राजस्व प्राप्त हो सके। इसके साथ ही बाग भवा साहब के बाड़े में एक मैरिज होम संचालक ने नाले को कब्जा रखा था, उस पर दो बड़े बड़े भवन का निर्माण कर रखा था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में एक्सईएन गुमान सिंह सैनी, आरआई रजत जैन, एटीपीओ सचिन पांडेय, सीएसआई प्रकाश श्रीवास्तव, एसआई नीरज चाहर, अतिक्रमण शाखा प्रभारी सीताराम शर्मा व अन्य नपा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी महिला संगठन की तीसरी कार्यकारिणी बैठक आयोजित

## संगठित तहसीलें बढ़ा रही भीलवाड़ा की गरिमा: प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने सभी तहसीलों से परिचय सम्मेलन, कन्यादान और आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यों को फिर से शुरू करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा तीसरी कार्यकारिणी बैठक नगर माहेश्वरी महिला संस्थान, भीलवाड़ा और आरकेआरसी महिला संगठन के संयुक्त तत्वाधान मे महेश छात्रावास परिसर में आयोजित की गई। जिसमें 200 से अधिक सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जय उमा महेश के उद्घोष से शुरू हुई बूंदों की बैठक 2025 संगठन के सातवें सत्र की तीसरी कार्यकारिणी और छठी कार्यसमिति बैठक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंचासीन अतिथियों के स्वागत से हुआ। इनमें पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा, प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य मनोरम कालिया एवं जिला संरक्षिका वीणा राठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। लीना कोठारी, नीलम दरगड़ और चेतना बसेर, दीपशिखा शारदा, ज्योति मंत्री, प्रिया न्याति, सुमन भंडारी, आशा दरगड़ ने मधुर महेश वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने अपने स्वागत भाषण में सभी तहसील अध्यक्षों और नवगठित काछोला महिला मंडल का अभिनंदन किया। उन्होंने सभी तहसीलों से परिचय सम्मेलन, कन्यादान और आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे जनकल्याणकारी कार्यों को फिर से शुरू करने का आह्वान किया। नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने भी अपनी स्वर लहरियों से स्वागत उद्बोधन दिया। जिला सचिव भारती बाहेती ने सचिवीय प्रतिवेदन और पिछली बैठक की पुष्टि प्रस्तुत की। पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा ने तहसील रिपोर्टिंग की सही विधि समझाते हुए कहा कि रिपोर्ट समितियों के अनुसार होनी चाहिए, न कि केवल पर्वों और त्योहारों पर. उन्होंने काम के प्रति लगन और सीखने की भावना को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने शिखर संगम की सफलता का जिक्र करते हुए संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, संगठन में ही शक्ति है। संगठित तहसीलें ही भीलवाड़ा की गरिमा बढ़ा रही हैं। कोषाध्यक्ष वंदना बाल्दी ने आय-व्यय का स्पष्ट विवरण साझा किया। संगठन मंत्री दिव्या काल्या ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। शाहपुरा, माण्डल, गंगापुर, बनेड़ा, भीलवाड़ा, बागोर, करेड़ा, जहाजपुर, माण्डलगढ़ और गुलाबपुरा सहित विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों ने अपने कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिससे संगठन की सक्रियता और जमीनी पकड़ साफ दिखी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया, जिला सचिव भारती बाहेती, नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी, नगर सचिव सोनल माहेश्वरी, आरकेआरसी अध्यक्ष चेतना जागेटिया, और आयोजन प्रभारी राधा न्याति एवं इंद्रा हेडा, निशा काकाणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन नगर मंत्री सोनल माहेश्वरी द्वारा भावभीने शब्दों में आभार प्रदर्शन के साथ हुआ. नगर संगठन और आरकेआरसी ने पूरे आयोजन को गरिमामयी ढंग से संपन्न कराया।



# मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान: सीसोला मे पूर्व पंचायत समिति सदस्य ने वृक्षारोपण कर मनाया जन्म दिन

-बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत एक पेड मां के नाम कार्यक्रम को अंजाम देते हुए नजदीकी सीसोला पंचायत मुख्यालय पर गांव के युवा समाज सेवी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर ने अपना 35 वां जन्म दिन सरकार के हरियालो राजस्थान एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीणो के संग वृक्षारोपण कर मनाया। इस दौरान नागर ने गांव के एक निजी स्कूल में पर्यावरण प्रेमियो की एक मीटिंग आयोजित कर उनको पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षा को लेकर लोगो को जागरुक करते हुए पंचायत मुख्यालय को ग्रीन एंड क्लीन बनाने के लिए आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया । इसके बाद इस निजी स्कूल सहित गांव के सार्वजनिक स्थानो पर छायादार पौधरोपण कर अलग अलग लोगो को इन पौधो की सेवा एवं सुरक्षा करने के लिए संकल्प दिलाया । पंचायत समिति सदस्य नागर ने अपने 35 वें जन्म दिन की जानकारी देते हुए ग्रामीणो के सहयोग से 35 पौधे लगाए। कार्यक्रम के बाद ग्रामीणो ने नागर को जन्म दिन की बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा भी करवाया। इस मौके पर महावीर मिडिल स्कूल के निदेशक महावीर धाकड़ ने भी सरकार के एक पेड मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए लगाए गए सभी पौधों की सेवा एवं सुरक्षा को लेकर कोई कमी नही रखने का भरोसा दिया। इस दौरान गांव के प्रेमशंकर प्रजापत, हेमराज रेगर, छीतर कीर, गणेश खाती, नाथू माली , रामकिशन बैरवा सहित कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

# विद्या भारती जनजाति क्षेत्र की शिक्षा की भी चिंता करती है - विमल जैन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान बूंदी ने आज नैनवा मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस वार्ता में चित्तौड़ प्रांत के सह मंत्री विमल कुमार जैन ने मीडिया प्रतिनिधियों को विद्या भारती के शैक्षिक दृष्टिकोण और गतिविधियों से अवगत कराया।विमल कुमार जैन ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शैक्षिक संगठन है। यह संस्थान न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कारों का सिंचन भी करता है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में विद्या भारती के लगभग 11,000 विद्यालय संचालित हैं।जैन ने इस बात पर जोर दिया कि विद्या भारती पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज विद्या भारती के विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब और स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से बच्चों को तकनीकी ज्ञान सिखाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विद्या भारती का लक्ष्य भारत को पुन: विश्व गुरु के पद पर स्थापित करना है, जिसके लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।वर्तमान में, विद्या भारती %पंच परिवर्तन% के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य कर रही है। इन पांच परिवर्तनों में कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और %स्व% का भाव जगाना शामिल है।प्रेस वार्ता में बूंदी के सभी मीडिया प्रभारी, विद्या भारती शिक्षा संस्थान के जिला सचिव उदय प्रकाश शर्मा और प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।




# ब्रहमलीन बाबा बजरंगदास (लाल लंगोट)की यादे हुई तरोताजा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी ) ।** नैनवां उपखण्ड क्षेत्र में गुरूवार को गुरू पूर्णिमा महोत्सव श्रद्वा एंव उल्लास के साथ मनाया गया। गुरू एंव शिष्य के इस अटूट बंधन पर लोगो ने अपने अपने गुरूओ के आश्रम पर पहुॅच कर गुरूओ का आर्शिवाद लिया गया। गुरू ब्रहमा,गुरू विष्णु,गुरू देवो महेश्वर:गुरू साक्षात परब्रहम,तस्मै श्री गुरूवे नम: का जाप दिन भर यज्ञ स्थलो पर सुनाई दिया। कस्बे के दो स्थानो पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव एंव महायज्ञ का आयोजन हुआ। दोनो ही स्थानो पर सवेरे से लोगो की चहल पहल रही। हाईवे एनएच 148 डी नैनवां बाईपास भैरूजी महाराज देवधाम भूत्याखाल जवाणो का झोपड़ा में श्रीराम महायज्ञ,गुरूपूर्णिमा महोत्सव हुआ। समिति के लोगो ने बताया कि 4जुलाई से 10 जुलाई तक नित्य देव पूजन व हवन कुण्ड में आहूतिया दी गई। गुरूवार को 17 जोड़ो ने हवन कुण्ड में आहूतिया दी गई। यज्ञाचार्य पं.मांगीलाल शर्मा ने हवन कुण्ड में वैदिक मंत्रोच्चारो के साथ आहूतिया जोड़ो से आहूतिया दिलवाई गई। इसके बाद सप्तदश: श्रीराम महायज्ञ,गुरू पूर्णिमा महोत्सव की पूर्णाहुति की गई। इस दौरान श्रद्वालुओ ने भगवान के जयकारे लगाये गये। इससे पूर्व ब्रहमलीन बाबा बजरंगदास (लाल लंगोट वाले बाबा) की तस्वीर पर बाबा के शिष्यो ने पुष्प अर्पित करके बाबा से आर्शिवाद की कामना की गई। दिन भर बाबा के शिष्य एंव श्रद्वालुओ ने गुरू वंदना के साथ गुरूपूजन किया गया। दोपहर बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के ग्रांमीणजन एंव कस्बे के वाशिंदो ने महाप्रसादी ग्रहण की।



# पानी की मोटर चोरी के करने के आरोपी व खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधकारी रामजीलाल ने बताया कि 9 जुलाई को परिवादी रामराय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि कृष्णा कॉलोनी में दिव्या महादेव मंदिर में चोर पानी की मोटर को चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गठित टीम द्वारा जगह-जगह संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी एवं करीब 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी रमेशचंद्र सैनी पुत्र राधेश्याम सैनी निवासी पहाड़ी चुंगी नाका व राम सैनी पुत्र ऊकार सैनी निवासी गली नंबर 9 शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया चोरी के आरोपी रमेशचंद्र सैनी ने आरोपी राम सैनी को पानी की मोटर को 900 रुपए में बेचना बताया है। जिस पर आरोपी राम सैनी के कब्जे से चुराई गई पानी की मोटर को बरामद किया है।

# महापौर पाठक की पहल पर नगर निगम का महाआयोजन आज से, बहेगी धर्म और आध्यात्म की गंगा

## श्रावण मास में 70 वार्डों के 70 मंदिरों में होंगे 70 सहस्त्रधारा अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा सम्पूर्ण श्रावण मास के दौरान सहस्त्रधारा अभिषेक का महाआयोजन शहर भर में किया जाएगा। जिसके तहत महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में श्रावण मास के प्रथम दिन 11 जुलाई से लेकर अंतिम दिन 9 अगस्त तक निगम क्षेत्र के 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक सम्पन्न होंगे। महापौर राकेश पाठक के अनुसार भीलवाड़ा शहर की खुशहाली, चहुंमुखी विकास एवं प्रगति की कामना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है।

सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम के लिए 70 वार्डों में संयोजक मनोनीत किये गए है। श्रावण मास के प्रत्येक दिन कम से कम 2 वार्डों में अभिषेक का आयोजन होगा, जबकि रविवार और सोमवार को इससे भी अधिक वार्डों के मंदिरों में अभिषेक किया जाएगा। प्रत्येक आयोजन में विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रहेगी। अभिषेक में स्थानीय क्षेत्रवासी जोड़े सहित अपनी सहभागिता दर्ज काएंगे। शहर के 5 प्रमुख पंडितों द्वारा यह श्रावण मास कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।



महापौर पाठक की पहल पर नगर निगम द्वारा पहली बार आयोजित किये जा रहे इस विशिष्ट महाआयोजन को लेकर निगम परिवार सहित सभी वार्डवासियों में भी उत्साह का माहौल है।

**आज वार्ड 62 व 63 से होगा शुभारम्भ**

नगर निगम के इस महाआयोजन का शुभारम्भ महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में 11 जुलाई शुक्रवार को वार्ड 62 के अंतर्गत आर के कोलोनी में स्थित साईं मंदिर में प्रात: 7 बजे सांसद दामोदर अग्रवाल के सानिध्य एवं प्रात: 11 बजे वार्ड 63 के अंतर्गत सुभाष नगर में स्थित राम मंदिर में प्रात: 11 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संतों एवं गुरुजनों का स्वागत अभिनंदन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को संत एवं गुरुजनों का का अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से संचालित कार्यक्रम के तहत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत एवं गुरुजनों का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।जिसके अंतर्गत भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने चारभुजा पहुंचे।यहां चातुर्मास कर रहे रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य रामदयाल महाराज का विधायक अर्जुनलाल जीनगर की ओर से दुपट्टा एवं श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष मनीष बारेगामा आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। बहरहाल कपासन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंगाना स्थित श्री सांवरिया धाम के महंत चेतनदास महाराज का देवलोकगमन होने से गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थगीत कर दिये थे।जिस पर इसी विधायक जीनगर के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चारभुजा पहुंचकर आचार्य रामदयाल महाराज का स्वागत अभिनंदन किया गया।



# वाणी से विद्या देना असम्भव, आचरण का प्रभावी होना जरुरी: राजेश समदानी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा ने गुरुवार को शास्त्रीनगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में चार विद्यालयों के गुरुजनों व श्रेष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान किया। समारोह में मुख्य वक्ता राजेश समदानी ने कहा कि हम वाणी से विद्या पूर्ण नहीं दे सकते, हमारा आचरण प्रभावी होना जरुरी है। आचरण से ही गुरुजन ज्यादा बालकों को प्रेरित कर पाएंगे। यहीं गुरुजनों का दायित्व है। व्यक्ति के जीवन में प्रथम गुरु माँ, द्वितीय पाठशाला, तीसरा व्यवसायिक व चौथा आध्यात्मिक गुरु होता है। यहीं व्यक्ति को सही दिशा दिखाते है। हम नेक इंसान बने और सेवा व संस्कार के कार्यक्रम करें। हर गुरु चाहता है की चेला उनसे भी आगे बढे। कार्यक्रम के दौरान 14 बालकों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक अविनाश छिपा ने स्वागत उदबोधन में बालकों को व्यवहारिक ज्ञान देने का विश्वास दिलाया। भाविप का परिचय पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष पारसमल बोहरा ने दिया। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम संयोजक शिवनारायण ईनाणी रहे। संचालन रजनीकांत आचार्य ने किया। रीजनल संपर्क संयोजक गोविन्द प्रसाद सोडानी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश अजमेरा, शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में 900 बालक व 40 गुरुजन मौजूद थे।




# मंगल कलश से मंगल कार्य होते हैं- प्रज्ञान सागर महाराज

## श्रीजी की निकाली भव्य एंव दिव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी ) ।** गुरूवार को जैन मुनियो के सानिध्यम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर बाद शोभायात्रा शांति वीर धर्मशाला से आरंभ हुई। शोभा यात्रा में दो गजरथ,13 बगिया सहित समाज के प्रबुद्वजन साथ चल रहे थे। प्रथम गजरथ पर शो धर्म,इंद्र, कुबेर,भगवान को लेकर आगे चल रहे थे। इसके बाद जय घोष महिलाएं मंडल भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रही थी।

शोभायात्रा शहीद भगत सिंह सर्किल से पुलिस थाना, देईपोल चूंगीनाका, लोहड़ी चोहटी, मालदेव चैक, सदर बाजार होते हुए वापस शांति वीर धर्मस्थल पहुॅचा। शोभायात्रा में जैन मुनि संघ डीएसपी राजूलाल मीणा,थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा सहित पुलिस जाप्ता साथ चल रहा था। शांतीवीर धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरु आचार्य विनिश्चय सागर महाराज की सभी महिला मंडल, युवाओं व वर्षा योग समिति के सभी सदस्यों ने अष्ट द्रव्य से बारी-बारी से नृत्य के साथ पूजन किया गया।



मंगल कलश से मंगल कार्य होते हैं- प्रज्ञान सागर महाराज

श्रीजी की शोभायात्रा से पूर्व धर्म सभा में जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने बताया कि साधु के कलश की बोलियां से कोई जैन संत को कोई मतलब नहीं रहता। साधु शांति सागर,आदि सागर आचार्य विमल सागर महाराज ने परंपरा के अनुसार चातुर्मास कलश की स्थापना की गई। इसका मुख्य प्रभावना का कारण है, कि धर्म में अपने हाथों से हमारा धन लग जावे और पुण्य का प्रबल हमें मिल जावे। वर्षा योग के कलश साधारण कलश नहीं होते। ये कलश चार माह तक साधु के पास रहते हैं। इनमें सवा करोड मंत्रो का जाप जैन संत 24 घंटे करते हैं। जिनके घर पर यह मंगल कलश जाते हैं। उनके घरों में मंगल ही मंगल कार्य होते हैं। उनके घरों में अकाल मौत नहीं होती। रोग शोक परिवार बिछड़ने आदि क्रियाएं कभी नहीं होती ।

# श्रृंग जयंती महोत्सव के अवसर पर महर्षि श्रृंग ऋषि की शोभायात्रा निकाली

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** गुरुवार को श्रृंग जयंती महोत्सव के अवसर पर महर्षि श्रृंग ऋषि की शोभायात्रा निकाली गई, गाजे बाजे व भजनों की स्वर लहरियो के बीच समाज बंधु ने नाचते गाते चल रहे थे जग में सुंदर है दो नाम चाहै कृष्ण कहो या राम बोलो राम राम बोलो राम राम, राधा रमण हरि गोविंद बोलो गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, राम रमैया गए जा, मेरे रूठे हुए श्याम को मनाऊं कैसे आदि भजनों से माहौल भक्ति में हो गया महिला पुरुष ने भगवान के भजनों पर डांडिया भी खेला विमान में महर्षि श्रृंग का चित्र रखकर अचार्य अरुण श्रृंगी के द्वारा विधि विधान से पूजन करवा कर शोभायात्रा को रवाना किया समाज बंधुओ ने सफेद वस्त्र में तो महिलाएं केसरिया परिधान में सजी धजी शोभायात्रा यात्रा में शामिल हुई शोभा यात्रा श्रृंग भवन गणेश गली से रवाना हुई जो बूंदी श्रृंग समाज की ओर से सदर बाजार,चूड़ी बाजार, कागदी देवरा,उपरला बाजार, नाहर का चोहटटा,चारभुजा मंदिर होती हुई वापस श्रृंग भवन पहुची जहां श्रृंग ऋषि जी की महाआरती हुई उसके बाद प्रसादी का आयोजन हुआ । शोभायात्रा में महिलाओं ने एक ही कलर की साड़िया पहन रखी तो पुरुषो ने सफेद वस्त्र धारण कर रखे थे। इससे पूर्व सवेरे कलश यात्रा निकाली जो मंशापूर्ण गणेशमंदिर बालचंद पड़ा परिसर से शुरु हो कर सुरज जी का बड़ नाहर का चौहट्टा चारबुजा मन्दिर होते होते हुए श्रृंग भवन गणेश गली जाकर समाप्त हुई जहां पर भगवान की पूजा के बाद हवन का कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस अवसर पर महिलाएं सर पर कलश लेकर चल रही थी और बैंड धार्मिक भजनों की स्वर लहरियां बिखेर रहा था । जयन्ती मिडिया प्रभारी नवल किशोर श्रृंगी ने बताया की कलश यात्रा से पहले बोलियो की शुरुवात हुई जिसमे बड़े कलश की बोली रूपचंद श्रृंगी रडी सवेरे अश्वरोही की बोली हरी ओम जोशी संधारा की और से हवन की बोली रमाकांत अठारिया श्रृंग ऋषि पूजन की बोली हरी किशन श्रृंगी चवर की बोली रामचरण श्रृंगी जावटी शाम के अश्वरोही की बोली हरी ओम श्रृंगी बराना माला प्राप्ति की बोली पुरुषोत्तम नौसरिया महाआरती की बोली मंजूलता श्रृंगी द्वारा लगाई गई ।



दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"सफल व्यक्ति वह है जो खुद पर फेंकी गई ईंटों से मजबूत नींव बना ले "
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मुख्यमंत्री का डीग दौरा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर में किए दर्शन

## प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की, मुख्यमंत्री ने भोजन प्रसादी का किया वितरण, प्याऊ पर की जल सेवा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में सपत्नीक दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री शर्मा ने इससे पहले सप्तकोसी गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने पूंछरी मे प्याऊ पर जल सेवा की तथा भक्तों को भंडारे की प्रसादी का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थली की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रतिवर्ष मुड़िया पूर्णिमा मेला के अवसर पर गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के पूंछरी में अपने सेवा स्थल के माध्यम से श्रद्धालुओं को पूर्ण सेवाभाव से शीतल जल एवं प्रसादी का वितरण करते हैं। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, राजस्थान



धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत, विधायक श्री बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

**व्यक्ति के जीवन में गुरु का अहम स्थान- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है जो अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि वे विगत 25 वर्षों से अधिक समय से मुड़िया पूर्णिमा के अवसर पर गिर्राज जी आ रहे हैं। यह स्थान भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली रही है।शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए। मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश में मंदिर और तीर्थ स्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

## संसद की सुरक्षा में चूक, कहां कमजोर पड़ा केस-18 महीने बाद दो आरोपियों को जमानत, वकील बोले- राजद्रोह साबित नहीं कर पाई पुलिस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीला धुआं निकालने वाले कैनिस्टर (स्मोक कैन) बाजार में खुलेआम बिकते हैं। ये होली, शादी और बाकी सेलिब्रेशन में इस्तेमाल किए जाते हैं। फिर इसका इस्तेमाल करना(राजद्रोह) लगाने का आधार कैसे हो सकता है। पहली नजर में इन पर जो भी आरोप लगाए गए हैं, वो राजद्रोह के दायरे में नहीं दिखाई पड़ते।

13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट के ऑर्डर की ये लाइनें मामले के दो आरोपी हरियाणा की नीलम आजाद और राजस्थान के महेश कुमावत की जमानत का आधार बनीं। दोनों आरोपी करीब 18 महीने बाद 8 जुलाई, 2025 को जेल से बाहर आए। हालांकि, दोनों की जमानत पर कोर्ट ने कुछ शर्तें भी जोड़ी हैं।

नीलम के वकील बलराज मलिक और महेश कुमावत के वकील सोमार्जुन भी इस मामले में राजद्रोह लगने का कोई आधार नहीं मानते। बलराज कहते हैं, %कोर्ट ने हमारा तर्क माना। सुनवाई के दौरान कोर्ट की टिप्पणी से हमें उम्मीद है कि बाकी बंद 4 आरोपियों को भी जल्द जमानत मिलेगी। सभी के ऊपर से,क्क भी हटेगा।%सोमार्जुन इस घटना के मास्टरमाइंड कहे जा रहे मनोरंजन डी के भी वकील हैं। वे कहते हैं, %मनोरंजन कोई मास्टरमाइंड नहीं, बल्कि सामान्य युवक है। ये सभी किसी साजिश की नीयत से नहीं बल्कि अपने मुद्दे उठाने के लिए बस प्रोटेस्ट करना चाहते थे।%

संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में,क्क का आधार क्यों कमजोर पड़ा और पुलिस राजद्रोह के आरोप क्यों साबित नहीं कर पाई, हमने इसे दोनों आरोपियों के वकीलों से बात कर समझा। साथ ही नीलम के भाई से भी बात की।

**भाई बोले- नीलम को देखते ही रो पड़े**

नीलम के भाई रमेश ने बताया, 'हमें पता चला था कि नीलम तिहाड़ के गेट नंबर 4 से बाहर आएगी, लेकिन वो 6 नंबर गेट से निकली। हमारे आधे घंटे तो इस गेट से उस गेट तक भागकर पहुंचने में ही निकल गए। उसे जैसे ही देखा हम सब रो पड़े।

## 3 दिन और 21 देश, नाचते-नाचते ट्रंप ब्राजील के बाद भारत पर लगाएंगे 500 प्रतिशत टैरिफ



बढ़ता राजस्थान

**वाशिंटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एक के बाद एख उन देशों पर भारी भरकम टैरिफ का दबाव बना रहे हैं, जिन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं को लेकर कोई पहल नहीं की है। अब रूस पर नकेल कसने के लिए ट्रंप भारत को मोहरा बनाने की फिराक में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपना टैरिफ बम दुनियाभर के देशों पर फोड़ रहे हैं। महज तीन दिन में 21 देशों पर अमेरिकी टैरिफ का ऐलान किया जा चुका है। जापान, कोरिया समेत 14 देशों को ट्रंप की तरफ से पहले तो टैरिफ वाला लेटर भेजा गया। उसके बाद 9 जुलाई को 7 और देशों की लिस्ट जारी की गई। इसमें ब्रिक्स में शामिल ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एक के बाद एख उन देशों पर भारी भरकम टैरिफ का दबाव बना रहे हैं, जिन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं को लेकर कोई पहल नहीं की है। अब रूस पर नकेल कसने के लिए ट्रंप भारत को मोहरा बनाने की फिराक में हैं।

## बड़ी साजिश!! दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पथराव कर रहे थे मोहम्मद लतीफ और मोहम्मद सईम, आरोपियों ने कबूला अपना जुर्म

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नयी दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नशे में धुत इन अपराधियों ने ट्रेन के तीन डिब्बों की खिड़कियों को नुकसान पहुँचाया।कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नयी दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नशे में धुत इन अपराधियों ने ट्रेन के तीन डिब्बों की खिड़कियों को नुकसान पहुँचाया। रेलवे सुरक्षा




बल (आरपीएफ) सेंट्रल स्टेशन पोस्ट और क्राइम विंग की टीम ने अपराधियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। संदिग्धों ने पुष्टि की है कि घटना के दौरान वे नशे में थे।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान श्याम निवासी मोहम्मद लतीफ और सुजातगंज निवासी मोहम्मद सईम के रूप में की गई है जिन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है और दावा किया कि घटना के समय आरोपी काफी नशे में थे।

**राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव की सूचना**

सहायक सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) विवेक वर्मा ने बताया कि मंगलवार को राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव की सूचना मिली जिससे ट्रेन के एसी श्रेणी के तीन डिब्बे- बी-2, बी-5 और बी-6 की खिड़कियों के शीशे टूट गए। वर्मा ने बताया कि सूचना के तुरंत बाद आरपीएफ ने जांच शुरू कर और गहन अभियान के बाद लतीफ और सईम को पकड़ लिया ।

## पीरियड्स की जांच के लिए कपड़े उतरवाए

### महाराष्ट्र के स्कूल में 5वीं से 10वीं तक की बच्चियों के साथ हरकत, प्रिंसिपल हिरासत में

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 5 से 10 तक की बच्चियों के कपड़े उतरवाकर चेकिंग की गई।बच्चियों ने अपने पेरेंट्स को बताया कि स्कूल के टॉयलेट में खून के धब्बे मिले थे। जिसके बाद सभी लड़कियों को कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और प्रोजेक्टर पर इसकी तस्वीरें दिखाई गईं।इसके बाद लड़कियों से पूछा गया कि किस-किस को अभी पीरियड्स हो रहे हैं। जिन लड़कियों ने हां में जवाब दिया, उनकी उंगलियों के निशान लिए गए। जिन लड़कियों ने न में जवाब दिया, उन्हें बारी-बारी से टॉयलेट में ले जाकर एक एक के कपड़े उतरवाकर प्राइवेट पार्ट्स की जांच की गई।

जब बच्चियों ने ये बात घर जाकर पेरेंट्स को बताई तो पेरेंट्स स्कूल के बाहर जमा हो गए और हंगामा किया।वे प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है और शहापुर पुलिस स्टेशन ले गई है।

स्कूल की तरफ से वकील अभय पितळे स्कूल पहुंचे थे, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। अभिभावकों ने वकील को घेर लिया और उनकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन



पुलिस की सतर्कता से वे बच गए।पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

2019 के NICEF के सर्वे में पाया गया कि देश में हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां पीरियड्स शुरू होते ही स्कूल छोड़ देती हैं। यही वजह है कि हर साल 10 करोड़ लड़कियों की शादी कच्ची उम्र में कर दी जाती है। जबकि इस उम्र में करीब 54 प्रतिशत लड़कियां एनीमिक होती हैं।

## जब तक सड़कें रहेंगी, तब तक गड्ढे होते रहेंगे...एमपी के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का बयान

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** मंत्री ने कहा कि जब तक सड़कें रहेंगी, तब तक गड्ढे होते रहेंगे। मेरे कहने का मतलब है कि अगर किसी सड़क को बने हुए चार साल हो गए हैं, और उसकी टिकाऊपन पाँच साल की है, तो हो सकता है कि चार साल



बाद उसमें गड्ढे पड़ जाएँ।मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह सड़कों पर गड्ढों को लेकर अपनी हालिया टिप्पणी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सड़कें रहेंगी, गड्ढे रहेंगे। मंत्री सिंह ने बुधवार शाम राजधानी भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए यह टिप्पणी की। मंत्री ने कहा कि जब तक सड़कें रहेंगी, तब तक गड्ढे होते रहेंगे। मेरे कहने का मतलब है कि अगर किसी सड़क को बने हुए चार साल हो गए हैं, और उसकी टिकाऊपन पाँच साल की है, तो हो सकता है कि चार साल बाद उसमें गड्ढे पड़ जाएँ। लेकिन अगर कोई सड़क चार साल तक खराब नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन छह महीने में ही उसमें गड्ढे पड़ गए हैं, तो यह गलत है।

# यूपीः कांवड़ मार्ग में ढाबों पर फूड सेफ्टी स्टिकर्स अनिवार्य, कांग्रेस ने उठाए सवाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव एवं अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने बताया कि राज्य भर के सभी कांवड़ मार्गों पर हमने एक विशेष अभियान शुरू किया है, जहाँ हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की दुकानों पर सेफ्टी ऐप कनेक्ट स्टिकर चिपका रहे हैं।

11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा से पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने तीर्थयात्रा मार्ग पर खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अभियान को तेज़ कर दिया है। इसके तहत सभी भोजनालयों के लिए फ़ूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप से जुड़े क्यूआर-कोड वाले स्टिकर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य इस वर्ष यात्रा पर आने वाले अनुमानित चार करोड़ तीर्थयात्रियों के लिए स्वच्छता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।




उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव एवं अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने बताया कि राज्य भर के सभी कांवड़ मार्गों पर हमने एक विशेष अभियान शुरू किया है, जहाँ हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की दुकानों पर %सेफ्टी ऐप कनेक्ट स्टिकर चिपका रहे हैं। हमने रेस्टोरेंट मालिकों को बेची जा रही सभी वस्तुओं की रेट लिस्ट लगाने का भी निर्देश दिया है। सभी मार्गों पर खाने-पीने की चीज़ों और स्वच्छता की भी जाँच की जा रही है। ढाबों, रेस्टोरेंट और भंडारा आयोजकों को भोजन तैयार करते समय गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इसको लेकर सवाल खड़े किए। इमरान मसूद ने पूछा कि क्या वे रोज़गार के अवसरों के लिए भी क्यूआर कोड लगाएंगे? उन्होंने कहा कि त्योहारों पर क्यूआर कोड लगाकर वे नफ़रत फैला रहे हैं और लोगों को बाँट रहे हैं। वे देश को कहाँ ले जाना चाहते हैं? बेरोज़गारी एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन वे इस पर बात नहीं करना चाहते। हालाँकि इस साल नेमप्लेट या धार्मिक पहचान के बारे में कोई नया निर्देश नहीं आया है, लेकिन मालिक के नाम और पंजीकरण वाले डिजिटल स्टिकर ने जुलाई 2024 की यादें ताज़ा कर दी हैं, जब यूपी पुलिस ने 240 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर दुकान मालिकों को अपना नाम और फ़ोन नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने का एक विवादास्पद आदेश जारी किया था।

यह आदेश, जिसे बाद में सरकार ने 9 जुलाई, 2024 को पूरे राज्य में लागू कर दिया, कई लोगों ने इसे हिंदू नामों से संचालित मुस्लिम स्वामित्व वाली दुकानों की पहचान करने के प्रयास के रूप में देखा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार